संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार, 17 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 248 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को बार एसोसिएशन सिरसा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर किया।

# बारामूला एनकाउंटर में तीन आतंकी ढेर

● 2 की बॉडी मिली, पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर बोले- पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की मदद की, पाकिस्तान पोस्ट से लगातार फायरिंग होने के कारण बॉडी नहीं मिल सकी

**नापाक इरादे**

» कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया पाकिस्तानी फौज आतंकियों की मदद कर रही थी

**टीम एक्शन इंडिया/बारामूला**
**कश्मीर** के बारामूला में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास उरी, हथलंगा इलाके में शनिवार 16 सितंबर को सेना ने एनकाउंटर में तीनों आतंकियों को मार गिराया। मारे गए दो आतंकियों की तस्वीरें भी जारी की गई हैं। तीसरे आतंकी की लाश, बॉर्डर के पास पड़ी थी। लेकिन पाकिस्तान पोस्ट से लगातार फायरिंग होने के कारण बॉडी नहीं मिल सकी। पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया पाकिस्तानी फौज आतंकियों की मदद कर रही थी। उरी-हथलंगा में सुबह आतंकियों के देखे जाने के बाद सेना-पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया था। इस दौरान आतंकियों ने फायरिंग की। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। ये वही इलाका है जहां निकला। पाकिस्तानी आर्मी की पोस्ट से हमारी सेना पर फायरिंग की गई। उन्होंने हमारे ड्रोन पर भी फायरिंग की। घायल आतंकी करीब 400 मीटर पाकिस्तानी सीमा में चला गया। 8 घंटे तक चला ऑपरेशन 2 बजे खत्म हो गया, लेकिन सर्चिंग जारी है। पाकिस्तान के तीन आतंकी मारे गए हैं। जो आतंकी पाकिस्तानी सीमा में चला गया था, उसकी लाश पड़ोसी देश की सेना ने रिकवर कर ली है। ये ऑपरेशन दिखाता है कि पाकिस्तान फौज हमारे देश में घुसपैठ करवाने के लिए आतंकियों की मदद करती है। बारामूला लाइन ऑफ कंट्रोल के पास बसा हुआ जिला है, जहां से आतंकी अक्सर घुसपैठ की कोशिश करते हैं। चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- तीन आतंकवादियों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश की और सैनिकों ने उनका मुकाबला किया। दो आतंकवादियों के शव मिल गए हैं, लेकिन आसपास के इलाके में एक पाकिस्तानी चौकी से गोलीबारी के कारण तीसरे आतंकवादी का शव बरामद करने में दिक्कत हो रही है। ऑपरेशन जारी है।



## 2 हजार जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे

**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग में मंगलवार शाम को हुई आतंकियों से मुठभेड़ अभी भी जारी रही। यहां अब तक 4 जवान शहीद हो चुके हैं। अनंतनाग में पहाड़ी इलाके के घने जंगलों में छिपे आतंकियों की तलाश में करीब दो हजार जवान लगे हैं। ड्रोन सर्विलांस में जहां भी आतंकियों के छिपे होने की संभावना है, वहां मोर्टार दागे जा रहे हैं। हेलिकॉप्टर और स्निफर डॉग्स की भी मदद ली जा रही है। पीर पंजाल नाम का यह पहाड़ी इलाका करीब 4300 किमी में फैला है, जो सर्च ऑपरेशन के लिए बड़ी चुनौती है।

दिसंबर 2022 में सुरक्षा बलों ने एक बड़े आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया था। तब एक गुफा से हथियारों का जखीरा बरामद किया था। पिछले 6 दिनों में यह तीसरा एनकाउंटर है। 12 सितंबर को राजौरी में 2 आतंकी मारे गए और 1 जवान शहीद हुआ था। अनंतनाग के कोकेरनाग के जंगल में 13 सितंबर से एनकाउंटर जारी है। 4 जवान शहीद हो चुके हैं। यहां भी आतंकियों की तलाश जारी है। मुठभेड़ आधे घंटे तक चली। तीसरा आतंकी जो घायल था, वह नजदीकी पाकिस्तानी पोस्ट के फायरिंग सपोर्ट की मदद से बच

## फास्ट न्यूज

### पीएम ने जी20 देशों की प्रतिबद्धता को स्वीकारा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के एक लेख के माध्यम से जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों के समाधान के लिए कार्यों में तत्काल तेजी लाने के लिए जी20 देशों की प्रतिबद्धता को स्वीकार किया है। भूपेन्द्र यादव की एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने विस्तार से बताया कि दिल्ली घोषणा के साथ, जी20 देशों ने जलवायु परिवर्तन सहित पर्यावरणीय संकटों और चुनौतियों से निपटने के लिए कार्यों में 'तत्काल तेजी' लाने की प्रतिबद्धता जताई है।"

### कोर्ट ने नकली नोट मामले में आरोपित को दोषी ठहराया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
एनआईए की विशेष अदालत ने बांग्लादेश से कर्नाटक के रास्ते भारत में भारी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले नकली नोटों की तस्करी से जुड़े बेंगलुरु नकली मुद्रा मामले में एक महिला को दोषी ठहराया है। वनिता उर्फ 'थंगम' नामक महिला इस मामले में दोषी ठहराए जाने वाली छठी आरोपित है। छह साल की कैद, आईपीसी की धारा 489 सी (नकली मुद्रा नोटों का कब्जा) के तहत पांच साल की कैद और आईपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दो साल की करावास की सजा सुनाई है।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए यह जानकारी दी।

### आईएसआईएस के ठिकाने पर एनआईए की छापेमारी


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** युवाओं को आतंकवादी नेटवर्क में शामिल करने के आईएसआईएस के प्रयासों को विफल करने के क्रम में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को एक और सफलता हाथ लगी है। एनआईए की टीम ने तमिलनाडु और तेलंगाना में छापों के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप और हार्ड डिस्क के साथ भारतीय मुद्रा में 60 लाख रुपये और 18,200 अमेरिकी डॉलर तथा स्थानीय और अरबी भाषाओं में कई आपत्तिजनक किताबें भी जब्त की है। एनआईए की टीम ने शनिवार की सुबह तमिलनाडु में आईएसआईएस कट्टरपंथ और भर्ती मामले में संदिग्धों के परिसरों पर छापा मारा।

### देश में पीएम पद का फिक्स चेहरा नरेन्द्र मोदी हीः शाह

**टीम एक्शन इंडिया/मधुबनी**
**बिहार** में मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमंडल स्थित ललित कपूर्री स्टेडियम में गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसैलाब के बीच नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद की जयघोष पंडाल के बीच चहुंओर होती रही।गृहमंत्री अमित शाह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। गृहमंत्री ने कहा कि नीतीश जी पीएम का पद खाली नही है। आपकी दाल वहां नही गलेगी, मोदी जी वहां फिक्स हैं। बिहार में भाजपा की सरकार बनेगी।आमजन 40 में से 40 लोकसभा सीट भाजपा को



जिताएगी। गृहमंत्री ने अमित शाह ने कहा कि बिहार सरकार ने जन्माष्टमी की छुट्टी रद्द की तो जनता के आक्रोश के बाद वापस लिया। सभास्थल पर अगल-बगल के इलाके के 31 विधान सभा से आए हुए लोगों का मैं स्वागत करता हूं। मोदी सरकार ने देश के लोगों को चंद्रयान अभियान की सफलता से गौरवान्वित किया।



# छोटे अस्पताल होंगे ठीक, बड़ों पर घटेगा बोझ

## एलजी ने दिए निर्देश- डॉक्टरों और कर्मचारी की जल्द हो बहाली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए छोटे अस्पतालों को ठीक किया जाएगा। इनमें पर्याप्त डॉक्टर नहीं होने से मरीजों का बोझ बड़े अस्पतालों पर पड़ रहा है। इससे बड़े अस्पतालों की व्यवस्था भी चरमरा जाती है। वहीं, मरीजों को भी इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा है। अस्पतालों की व्यवस्था को देखते हुए दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने समीक्षा बैठक में विभाग को डॉक्टरों और कर्मियों के खाली पदों को तत्काल स्थायी तौर पर भरने का आदेश दिया है। वर्तमान में दिल्ली सरकार के 30 अस्पताल हैं। इसके अलावा सोसायटी के सहयोग से सरकार आठ अन्य अस्पताल का संचालन कर रही है। इनमें से जीबी पंत, गुरु नानक आई केयर सेंटर, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज स्पेशलिस्ट सेवाएं देते हैं। जबकि लोक नायक, जीटीबी, डीडीयू सहित कुछ अस्पताल बड़े स्तर पर सामान्य सेवाएं दे रहे हैं। यह सेवाएं बाहरी दिल्ली व दूरदराज क्षेत्र में चल रहे सरकार के अन्य छोटे अस्पताल में भी मौजूद हैं, लेकिन डॉक्टर न होने के कारण मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। दिल्ली के बड़े अस्पतालों में प्रति दिन 3-4 हजार मरीज इलाज करवाने आते हैं। वहीं, छोटे अस्पतालों में मरीजों की संख्या एक से डेढ़ हजार की रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे अस्पतालों में व्यवस्था सुधरने के बाद सुविधाएं बेहतर होगी। अभी स्पेशलिस्ट सेवाओं के लिए मरीजों को बड़े अस्पतालों में छह माह से एक साल तक का इंतजार करना पड़ जाता है। हाल ही में लोकनायक ने एक मरीज को एमआरआई के लिए सवा तीन साल की वेटिंग दी थी। सेवाएं बेहतर होने के बाद यह घटकर कुछ दिनों की रह जाएगी।



**स्वास्थ्य सेवा**

**एक मरीज को एमआरआई के लिए सवा तीन साल की वेटिंग दी थी, मरीजों को हो रही परेशानी**

**अनुबंध पर तत्काल भरे जाए पदः** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अस्पतालों में खाली पदों को भरने के लिए उपराज्यपाल से दो राउंड की बैठक हो गई है। इसमें कहा गया है कि जब तक यूपीएससी से स्थायी भर्ती नहीं होती, तब तक अनुबंध के आधार पर तत्काल खाली सभी स्पेशलिस्ट, डॉक्टर, टेक्नीशियन सहित अन्य स्टाफ की भर्ती की जाए। ऐसा करने से अस्पताल की सेवाएं बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि खाली पदों की सूची तैयार करने के लिए दो-दो अस्पताल के साथ बैठक चल रही है। बैठक में अस्पताल के प्रमुख, विभाग प्रमुख, स्थानीय विधायक, सीडीएमओ अपनी बात रखते हैं। साथ ही भविष्य के आधार पर जरूरत बताते हैं।

### दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
वसंत कुंज डी-छह स्थित गंगा अपार्टमेंट में कुत्तों के आतंक से स्थानीय लोग परेशान हैं। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने मामले में वसंत कुंज साउथ व दक्षिण पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दी है। शिकायत में उन्होंने गंगा और यमुना सोसाइटी में कुत्तों के बढते आवारा आतंक को रोकने के लिए आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है। शिकायत में गंगा अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एनएस मोर ने बताया है कि गंगा एवं यमुना अपार्टमेंट के निवासी लगातार कुत्तों के आतंक से त्रस्त हैं।

### टीएमसी नेता ने मांगी रामलीला मैदान में पंडाल लगाने की अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**तृणमूल कांग्रेस** के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने दिल्ली पुलिस को पत्र लिखकर बंगाल से दिल्ली धरना देने आने वाले मनरेगा श्रमिकों के रात में रहने के लिए रामलीला मैदान में पंडाल-तंबू लगाने की अनुमति देने की मांग की है।

**दिल्ली धरना देने आएंगे 50 हजार मजदूरः** डेरेक ओ ब्रायन के पत्र के अनुसार, बंगाल से राजधानी दिल्ली में 50 हजार मनरेगा श्रमिक आने की उम्मीद है जो 30 सितंबर से 4 अक्टूबर, 2023 तक दिल्ली की अलग-अलग जगहों पर धरना देंगे।

## मंदिर में घुसकर तोड़ी भगवान की मूर्ति, घटना के वक्त शराब के नशे में था आरोपी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी दिल्ली के संगम विहार इलाके में स्थित मंदिर में रखी मूर्ति को कुछ शरारती तत्वों में तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को संगम विहार स्थित गुप्ता कॉलोनी, जे-2 ब्लॉक से एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें कॉलर ने बताया कि यहां पर किसी ने शनि मंदिर में मूर्ति तोड़ दी है। मौके पर पहुंची टीम को शिकायतकर्ता श्रीपाल सिंह पुत्र स्व बादाम सिंह मिले और उन्होंने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने शनि देव की मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है। पुलिस ने उनकी शिकायत के आधार पर आरोपित आईपीसी की धारा 153 ए/295/295 ए/427 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी की जांच के बाद एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित व्यक्ति घटना स्थल से 500 मीटर दूर शराब के नशे में धुत मिला था। आरोपित की पहचान 33 वर्षीय सर्वेश पुत्र राम कुमार निवासी उन्नाव यूपी के मूल निवासी के रूप में हुई है।

## मणिपुर हिंसा की जांच में सीबीआई की मदद करेगी दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मणिपुर** हिंसा मामले में सीबीआइ की जांच में दिल्ली पुलिस के चार अधिकारी भी मदद करेंगे। इन अधिकारियों में दिल्ली पुलिस के तीन आइपीएस और एक इंस्पेक्टर को सीबीआई से अटैच किया गया। इस मामले में गृह मंत्रालय के आदेश के बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पीके मिश्रा ने सीबीआई को पत्र लिखा है। 13 सितंबर को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2010 बैच की आईपीएस अधिकारी ईशा पांडेय, श्वेता चौहान और वर्ष 2011 बैच के आईपीएस अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह और 1996 बैच के इंस्पेक्टर प्रवीन कुमार को सीबीआइ से अटैच किया गया है।



**विशेष कारणों से किया गया चयनः** पुलिस सूत्रों ने बताया कि मणिपुर मामले में सीबीआई ने 11 एफआईआर दर्ज की हैं, जिसमें महिला को दुष्कर्म के बाद नग्न घुमाने का भी मामला शामिल है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष कारणों से इन अधिकारियों का चयन किया गया।

### झुग्गियों के बाहर सो रही मां-बेटी की हादसे में मौत, तीन लोग घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें एक महिला और उसकी चार वर्षीय बेटी की मौत हो गई। इस दौरान तीन लोग घायल हो गए। हादसे के दौरान सभी लोग अपी झुग्गियों के बाहर सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार, 05:33 बजे थाने में एक पीसीआर कॉल आई। जहां बताया कि ऑटो चालक ने चारपाई पर सो रहे पांच लोगों को टक्कर मार दी है। पांच लोगों में से चार लोग एक ही परिवार के हैं, जबकि एक पड़ोसी है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और पता चला कि पांच लोग घायल पड़े हैं।

## लक्ष्य निर्धारितः तेजी से कम होंगे कूड़े के तीनों पहाड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
तीनों कूड़े के पहाड़ दोगुनी गति से कम होंगे। गाजीपुर, भलस्वा और ओखला लैंडफिल साइट पर एक की जगह दो-दो एजेंसियां कूड़े का निस्तारण करेंगी। नई अतिरिक्त एजेंसियां नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो है। ओखला और गाजीपुर लैंडफिल साइट पर एजेंसी नियुक्त करने के लिए टेंडर भी हो गए हैं। दोनों लैंडफिल साइट पर अतिरिक्त एजेंसी जल्द काम करना शुरू कर देंगी। भलस्वा लैंडफिल साइट पर एक नई एजेंसी लगाने का टेंडर अक्तूबर में निकलेगा और नवम्बर से ये एजेंसी काम करना शुरू करेगी। तीनों लैंडफिल साइटों पर नई एजेंसियां लगने के बाद निगम ने दो साल में 90 लाख टन अतिरिक्त कूड़े के निस्तारण का लक्ष्य रखा है। योजना के तहत हरएक कूड़े के पहाड़ के लिए एक-एक अतिरिक्त एजेंसी नियुक्त की जाएगी। हर एक एजेंसी को दो साल के भीतर 30-30 लाख टन कूड़े का निस्तारण करना होगा। योजना के मुताबिक सबसे पहले कूड़ा निस्तारण का काम गाजीपुर लैंडफिल साइट पर शुरू होगा। इसके बाद ओखला लैंडफिल साइट पर नई एजेंसी काम करना शुरू करेगी। नवंबर से भलस्वा लैंडफिल साइट पर काम शुरू हो जाएगा।



**कूड़ा निस्तारण समय से पहले करने पर इनामः** अगर एजेंसी तेजी से कूड़ा निस्तारण का काम करती है तो उसे इनाम भी दिया जाएगा। योजना के मुताबिक 2 साल से पहले जो भी एजेंसी 30 लाख टन कूड़े का निस्तारण करेगी उसे अतिरिक्त 15 लाख टन कूड़ा निस्तारण का काम दिया जाएगा। इसकी जानकारी सभी एजेंसी को दे दी गई है, ताकि एजेंसी तेजी से काम करें। इसकी शर्तें भी टेंडर प्रक्रिया में शामिल हैं।

**निस्तारण**

**हर एक एजेंसी को दो साल के भीतर 30-30 लाख टन कूड़े का निस्तारण करना होगा**

**12 हजार टन कचरा रोज जमा हो रहाः** दिल्ली में मौजूदा समय करीब 12 हजार टन कचरा पैदा हो रहा है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में हर साल करीब 317 टन कचरा बढ़ रहा है। अप्रैल 2021 में हरदिन 978 टन कचरा पैदा होता था, 2022 में ये बढ़कर 11,295 टन हो गया। इसमें से 7-8 हजार टन कचरा संसाधित हो पाता है, बाकी बचा हुआ 4-5 हजार टन कचरा तीन लैंडफिल साइटों पर डंप हो रहा है। दिल्ली की करीब 350 कॉलोनियां जीरो वेस्ट बन चुकी हैं। ये 100 फीसदी कचरे को संसाधित कर रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर कूड़ा निस्तारण की क्षमता को दोगुना करने का प्लान तैयार किया गया है। तीनों कूड़े के पहाड़ों पर अभी एक-एक एजेंसी काम कर रही है। लेकिन जल्द एक-एक और अतिरिक्त एजेंसी वहां काम करेंगी।

इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद सड़कों पर फिर से जगह-जगह नए कचरा पॉइंट बनने लगे हैं। यहां दो-तीन दिन का कूड़ा सड़कर बदबू फैला रहा।

### आरोपितों ने शख्स घर में घुसकर शख्स को चाकू से गोदा

**नई दिल्लीः** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में एक व्यक्ति ने घर में घुसकर शख्स की चाकू से गोदकर हत्या कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस बताया कि शुक्रवार को जब मृतक करीब शाम पांच बजे अपने बेटे आकाश के स्कूल से लौट रहा था। तभी मोटरसाइकिल की पार्किंग को सरिता विहार स्थित, काली मंदिर रोड पर उनका मनोज हलदर नाम के व्यक्ति से झगड़ा हो गया इस दौरान अरविंद को गंभीर चोटें आईं थीं, क्योंकि उन लड़कों ने उनके सीन और हाथ पर चाकू मार दिया था।

## पीएम जन्मदिन पर दिल्लीवालों को देंगे दो खास तोहफे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार को द्वारका सेक्टर-21 एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के एक्सटेंशन और इंडिया कन्वेंशन सेंटर यशोभूमि उद्घाटन करेंगे। इस एक्सटेंशन लाइन के उद्घाटन के बाद नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक यात्रा करने में मात्र 20 से 25 मिनट का वक्त लगेगा। डीएमआरसी ने अपने बयान में कहा कि इस नए एक्सटेंशन पर यात्रियों के लिए मेट्रो का परिचालन उसी दिन यानी रविवार, 17 सितंबर को दोपहर तीन बजे से शुरू हो जाएगा। इस भाग के जुड़ने से नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर तक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन की कुल लंबाई 24.9 किमी हो जाएगा। इस वक्त एयरपोर्ट लाइन पर सेवाएं द्वारका सेक्टर-21 मेट्रो स्टेशन तक उपलब्ध हैं जो एयरपोर्ट लाइन और दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन के बीच एक इंटरचेंज प्वाइंट भी है।

कन्वेंशन सेंटर की सेवा के अलावा यह नया स्टेशन द्वारका के सेक्टर-25 के आसपास के निवासियों और पड़ोसी गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ नए सेक्टरों को मेट्रो कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा।

**सौगात**

**नई दिल्ली से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 तक यात्रा करने में मात्र 20 से 25 मिनट का वक्त लगेगा**

**एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर अब होंगे 7 स्टेशनः** डीएमआरसी ने अपने बयान में आगे कहा, 'द्वारका सेक्टर-21 स्टेशन को नए स्टेशन से जोड़ने वाली 2 किलोमीटर से ज्यादा लंबी सुरंग का निर्माण भी कट-एंड-कवर तकनीक का उपयोग करके किया गया है। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर अब सात मेट्रो स्टेशन हैं, जिनके नाम हैं नई दिल्ली (येलो लाइन के साथ इंटरचेंज), शिवाजी स्टेडियम, धौला कुआं, दिल्ली एयरोसिटी, एयरपोर्ट (टी-3), द्वारका सेक्टर-21 (ब्लू लाइन के साथ इंटरचेंज) और यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25। एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन कॉरिडोर पर पूरे द्वारका सेक्टर-21 से यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो सेक्शन पर छह कोच वाली कुल आठ ट्रेनें उपलब्ध होंगी।

## दिल्ली में कुत्तों से दुष्कर्म आरोपी महीनों से कर रहा है ऐसा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश** की राजधानी दिल्ली से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक आदमी कुत्तों के साथ दुष्कर्म करते हुए पकड़ा गया। दिल्ली महिला आयोग (डीडब्ल्यूसी) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने घटना की जानकारी एक्स (ट्विटर) पर साझा की है। उन्होंने लिखा है कि ये कैसी बेशर्मी है, कैसा हैवान है ये आदमी। स्वाति मालीवाल ने एक्स पर लिखा है कि, 'दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक आदमी कुत्तों के साथ बलात्कार करता पकड़ा गया। एक एनजीओ ने आदमी की वीडियो के साथ पुलिस को शिकायत दी और बताया कि महीनों से ये चल रहा है'। स्वाति मालीवाल आगे लिखती हैं कि ये कैसी बेशर्मी है, कैसा हैवान है ये आदमी? क्या हाल हो गया है हमारी दिल्ली का?।

**ये कैसी बेशर्मी**

**'दिल्ली के सुभाष नगर इलाके में एक आदमी कुत्तों के साथ बलात्कार करता पकड़ा गया**

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम हुआ सुहावना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-एनसीआर** में मानसून की विदाई से पहले बारिश मौसम को सुहावना बना रही है। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को एक बार फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई है। हवा के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। सुबह हुई बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी थी। सुबह अंधेरा छा गया था और बारिश होने लगी थी। हालांकि दोपहर को धूप निकल आई और उमस ने परेशान किया। मौसम विभाग ने रविवार को भी बारिश होने का पूवार्नुमान जताया है। वहीं 19 से 21 सितंबर तक बादल छाए रहने की संभावना है।



मौसम विभाग ने सुबह बारिश होने की संभावना जताई थी। इस दौरान 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान था। अनुमान के अनुसार, सुबह सात बजे से कहीं तेज तो कहीं मध्यम स्तर की बारिश हुई। अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सुबह 8:30 बजे तक 004.1 मिमी व शाम साढ़े पांच बजे तक 000.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मयूर विहार में अधिकतम तापमान 30.4, पूसा में 33.7 डिग्री, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 32.3 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है।

**गर्मी से राहत**

**शनिवार को एक बार फिर झमाझम बारिश शुरू हो गई है। हवा के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया**

## जेठ ने रसमलाई खिलाकर किया रेप

### ब्लैकमेल कर दी जान से मारने की धमकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के सराय रोहिल्ला थाना इलाके में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की पत्नी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता सहजादा बाग फेस-1 इंद्रलोक निवासी शख्स ने बताया कि 25 जुलाई को उसके जीजा ने उन्हें अपने घर रेलवे कॉलोनी दया बस्ती में दावत के लिए आमंत्रित किया, जहां वह 29 जुलाई का करीब रात साढ़े आठ बजे पहुंचे थे।



**रस मिलाई खिलाकर किया दुष्कर्मः** इसके बाद पीड़िता का पति किसी काम से घर से बाहर चला गया, इसी बीच उसके पति के बड़े भाई ने उसको मिठाई (रस मिलाई) खिलाई। जिसको खाकर उसे चक्कर आ गए और वह गिर गई। इसके बाद आरोपित ने इसके साथ जबदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर आरोपित ने हाथापाई की और वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपित पीड़िता को जान से मारने की धमकी और फिर ब्लैकमेल किया।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता की उम्र महज 19 वर्ष है और वह एक हाउस वाइफ है।

**शिकायत** आयोग को दिल्ली के आरएमएल में सेक्स रिअसाइनमेंट सर्जरी (एसआरएस) की अनुपलब्धता के संबंध में एक शिकायत मिली थी

## सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी की अनुपलब्धता की शिकायत पर महिला आयोग ने नोटिस जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** महिला आयोग ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी उपलब्ध न होने की शिकायत पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) के साथ-साथ राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग को दिल्ली के आरएमएल में सेक्स रिअसाइनमेंट सर्जरी (एसआरएस) की अनुपलब्धता के संबंध में एक शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसने मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी के लिए आरएमएल अस्पताल से संपर्क किया था। उसने बताया कि भले ही सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एसआरएस शुरू हो गया है, लेकिन वह अस्पताल में अपनी सर्जरी नहीं करा पा रही है। इसके अलावा, दिल्ली महिला आयोग द्वारा विभाग के समक्ष मुद्दा उठाने के बाद नवंबर 2022 में दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें दिल्ली के अस्पताल में 'बर्न और प्लास्टिक वार्ड' के साथ-साथ प्लास्टिक सर्जन की सुविधा रखने वाले सभी सरकारी अस्पतालों को मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आरएमएल अस्पताल के साथ-साथ दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अस्पताल से शिकायतकर्ता की सर्जरी न करने का कारण पूछा है और साथ ही इसे पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा है। आयोग ने राज्य और केंद्र सरकार से 2022 के बाद से दिल्ली में सरकारी अस्पतालों द्वारा किए गए एसआरएस की संख्या के बारे में जानकारी मांगी है। आयोग ने उनसे दिल्ली में सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी देने को कहा है।



**निर्देश**

**सभी सरकारी अस्पतालों को मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था**

# 2024 के चुनावों में अग्रवाल समाज के हरियाणा से 15 विधायक, एक सांसद व एक राज्यसभा सांसद जरूर बनने चाहिए: जैन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन हरियाणा एवं अग्रोहा विकास ट्रस्ट, अग्रोहा धाम व हरियाणा प्रदेश की अन्य वैश्य अग्रवाल संस्थाओं द्वारा आने वाली एक अक्टूबर को जींद के अर्जुन स्टेडियम में विराट वैश्य संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए 11 दिवसीय वैश्य मोटरसाईकिल चेतना यात्रा लेकर लाडवा के महाराजा अग्रसेन चौक पर पहुंचे। जहां पर अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों व प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा फूल मालाओं व ढोल नगाड़ो से उनका स्वागत किया गया।
हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव जैन ने कहा कि आज हमारा समाज को छोटे-छोटे हितों के लिए भी लड़ना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज शुरू से मजबूत समाज रहा है और आगे भी मजूबत ही रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के चुनावों में अग्रवाल समाज के हरियाणा के कम से कम 15 विधायक, एक सांसद व एक राज्यसभा सांसद जरूर बनने चाहिए ताकि अग्रवाल समाज की आवाज उठाने वाले भी प्रतिनिधि विधानसभा व लोकसभा में हो।
वहीं प्रसिद्व समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि अग्रवाल समाज हमेशा ही हर समाज के व्यक्ति की सहायता व उसकी मदद करने के लिए आगे रहता है और हमेशा करता भी आया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने हकों के लिए अब आवाज उठानी होगी और एक अक्टूबर को जो जींद में वैश्य संकल्प रैली होनी है उसमें लाडवा हल्के से अग्रवाल समाज के भारी संख्या में लोग भाग लेने के लिए अर्जुन स्टेडियम जींद में जाएंगे। मौके समाजसेवी संदीप गर्ग, अग्रवाल सभा प्रधान दुर्गेश गोयल, हरियाणा स्टेट अनाजमंडी एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक गुप्ता, विकास सिंघल, सुनील गर्ग, कुंवर सिंघल, सुरेन्द्र गुप्ता, रोशन लाल गोयल, मनीष गोयल, घनश्याम काम्बोज, योगेश नीलवान, राजेश वर्मा, रविन्द्र सिंह, सुमित चोपड़ा, प्यारा सिंह, अश्वनी चोपड़ा आदि मौजूद थे।



# छावनी भाजपा कार्यालय में महिला मोर्चा की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निदेर्शानुसार निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल की अध्यक्षता में सदर मंडल महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूम से सदर मंडल महामंत्री संजीव सोनी, बी. एस. बिन्द्रा व महिला मोर्चा अध्यक्षा विजया गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में मंडल प्रधान राजीव डिम्पल ने बताया कि महिलाओं को नरेन्द्र मोदी द्वारा उज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर और सुलभ शौचालय की सुविधाएं दी गई है तथा यह बताया कि बुथ सखी अभियान के तहत सभी वार्डों में पार्टी की नीतियों को सांझा कर और महिलाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा तथा अधिक से अधिक महिलाओं में पार्टी व गृह मंत्री अनिल विज की विकासकारी नीतियों का प्रचार करे। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा का पार्टी में बहुत अहम दायित्व है जिसका निर्वहन वह पूरी निष्ठा एवं कर्मठता से करती है और उन्होंने कहा कि इसी वजह से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन पाई है। इस बैठक में मुख्य रूप से सुनीता कपूर, मंडल उप प्रधान सुनीता अरोड़ा, महामंत्री ज्योति मीत, गुलशन गुलाटी, उपप्रधान बबीता राजवंशी, सचिव बलजिंदर, मीनाक्षी भूटानी व अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।



# बराड़ा में वैश्य मोटर साइकल चेतना यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

**स्वागत**

**▶▶ यात्रा एक अक्टूबर को जींद में वैश्य संकल्प रेली का निमंत्रण देने के लिये पंहुची थी**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पंचकूला से शुरू हुई वैश्य मोटर साइकल चेतना यात्रा का समाज के लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा एक अक्टूबर को जींद में वैश्य संकल्प रेली का निमंत्रण देने के लिये पंहुची थी। यात्रा में महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों के प्रतीक के रूप में 18 मोटर साइकलों का जत्था एवं समाजवाद का संदेश देने वाला एक रुपया एक ईंट के सिद्धांत से ओत-प्रोत झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जैसे ही यात्रा पहुंची उपस्थित वैश्य समाज के भारी समूह ने महाराजा अग्रसेन तथा वैश्य एकता जिंदाबाद के जयकारे लगाए। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश गर्ग ने कहा के यह यात्रा वैश्य समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करेगी जिस से वैश्य समाज और ज्यादा ऊर्जा के साथ देश और समाज के लिए कार्य कर सकेगा इसी के साथ हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडीया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जब तक सत्ता की चाबी वैश्य समाज के हक में नहीं होगी तब तक हम यूं ही लूटते पीटते रहेंगे और पिछड़ते जायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर भारत के पांच राज्यों कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा एवं उतराखंड से वैश्य समाज का एक भी लोकसभा संसद सदस्य नहीं है और प्रदेश की विधानसभाओं में भी हमें अपना प्रतिनिधित्व दोगुना करना है। राजीव जैन ने कहा कि समाज के लोगों में इस बात को लेकर भी रोष है कि देश की अर्थववस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने के बावजूद विपदा पड़ने पर भी प्रशासन एवं सरकार द्वारा हमारी सुनवाई नहीं होती। मोटर साइकिल यात्रा में महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री प्रवीण बंसल, युवा महामंत्री ललित महाजन, राहुल गर्ग व लक्की सिंगला सहित कृष्ण मित्तल, सन्नी गुप्ता, मोहित गोयल सहित अन्य युवा वैश्य साथ रहे।
यात्रा का स्वागत वैश्य समाज के प्रतिनिधियों के साथ साथ सर्व समाज भाई चारे का संदेश देते हुए क्षत्रिय समाज, ब्राह्मण समाज और पंजाबी समाज ने भी बहुत जोश से स्वागत किया समाज सेवी कुलदीप शर्मा ने भी चेतना यात्रा का भगवान परशुराम की फोटो भेट भव्य स्वागत किया इसी के साथ वैश्य समाज से संतोष गोयल,सुरेंद्र गुप्ता, कमल अग्रवाल,मुकेश मित्तल,सुमित गोयल,अधिवक्ता अमित गर्ग थंबड वाले,रविंद्र गर्ग बिट्टू थंबड वाले,मित्तरपाल राणा, जय प्रकाश वर्मा,विकाश सिंगला,पवन गुप्ता, श्रवण गोयल,अजय जैन,अधिवक्ता वरुण सिंगला,सूरजभान मित्तल,अमित मोहन,डिंपल गर्ग,कुलदीप गुप्ता,सुनील जैन,सनी बंसल थंबड,रमेश मित्तल,गौरव गोयल थंबड वाले, अजय गर्ग,बॉबी गर्ग,विजय गुप्ता थंबड,राकेश गुप्ता साहा,विशु गोयल,सुभम सिंगला,रितेश बंसल सहित अन्य वैश्य बंधुओ ने किया।



# स्वच्छ भारत : प्रत्येक मनुष्य अपना योगदान अवश्य दे : झाड़ली

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**
राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में प्राचार्य अजीत सिंह यादव अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन संपूर्ण स्वच्छता अभियान की शुरूआत की मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी उपमंडल कोऑर्डिनेटर एवं इको क्लब प्रभारी राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि केंद्र सरकार हरियाणा सरकार जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश अनुसार मिड डे मील योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय पोषण हार एवं स्वस्छ भारत मिशन पखवाड़ा के तहत संपूर्ण स्वच्छता के तहत प्राचार्य के नेतृत्व में राजेश शर्मा झाड़ली व छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

# 'बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए जंक फूड का त्याग करें'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौडा में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत, प्रथम दिवस स्वच्छता शपथ दिवस के रूप में मनाया गया। हिंदी अध्यापिका श्रीमती राजकुमारी ने सभी बच्चों को राष्ट्रीय पोषण माह पर शपथ दिलवाई। प्रार्थना सभा में सभी बच्चों और स्टाफ सदस्यों ने शपथ ली कि वे प्रतिदिन निजी स्वच्छता के साथ-साथ अपने आसपास और विद्यालयों को भी स्वच्छ रखेंगे ।मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने प्रार्थना सभा में सभी को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया ।उन्होंने बताया कि 16 सितंबर से 22 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाना है ।साथ ही साथ उन्होंने सभी को पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में बताया। सैनी ने बच्चों को संतुलित आहार लेने के लिए प्रेरित किया और जंक फूड से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही रामदिया बहल टी जी टी इंगलिश ने सभी को जल संरक्षण को लेकर जागरूक किया। उन्होंने सभी को चेताया कि यदि हम सभी इसी प्रकार जल का दोहन करते रहे तो हम सभी को एक दिन एक भारी कीमत चुकानी होगी। जल हमारी पृथ्वी पर एक अमूल्य उपहार है इसलिए हमें इसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए बल्कि जल को हमें बचाना चाहिए और इसका दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।मुख्य अध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने भी जल संकट को लेकर सभी को जागरूक किया। जन संरक्षण के महत्व को समझाया और किस प्रकार से हम छोटी-छोटी सावधानियां से जल को बचा सकते हैं। कुलबीर, नरेश कुमार, हरदयाल , अतुल शास्त्री ,राजकुमारी ,गुरप्रीत कौर, पंकज गौर , पंकज गौर, सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



**शपथ**

**▶▶ यदि हम सभी इसी प्रकार जल का दोहन करते रहे तो हम सभी को एक दिन एक भारी कीमत चुकानी होगी**

# गोगपुर स्कूल के छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज दिनांक 16.09.2023 को राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय गोगपुर कुरुक्षेत्र के छात्र व छात्राओं ने गांव गोगपुर, कुरुक्षेत्र में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया । रैली से पूर्व विद्यालय प्रांगण में विद्यालय के मौलिक मुख्य अध्यापक सुरेंद्र कुमार ने विद्यालय में सभा का आयोजन कर स्वच्छता शपथ दिलवाई गई वह विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने घर के आस-पास सफाई करना हम सभी का कर्तव्य इसके बारे में बतलाया। आंगनवाड़ी वर्कर श्रीमती शरबती ने भी हाथ धोने के सही तरीके के बारे में अवगत कराया।
मध्याह्न भोजन योजना के प्रभारी बालकृष्ण सिंह , महेंद्र कुमार , विकास नैन, राजीव धवन , नरेश कुमार, जतिन एसएमसी प्रधान पूनम रीना को कम हेल्पर उर्मिला व परमजीत पार्ट टाइम स्वीपर, पालो देवी व पार्ट टाइम एजुसेट चौकीदार लाभ सिंह व अन्य मौजूद रहे।



# हरिपुर स्कूल के छात्रों ने नशा विरोधी जन चेतना रैली निकाली




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में दिनांक 16/ 9/2023 को नशा मुक्ति के विषय पर एक रैली का आयोजन किया गया । प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट जी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को गांव में रवाना किया। छात्र-छात्राओं ने गांव में गली-गली घूम कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया और नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराया। प्रधानाचार्य ने बताया कि नशा का सेवन करना अर्थात स्वयं के मृत्यु का कारण बनना है। यह विश्व के सबसे गम्भीर बीमारियो मे से एक है जो दिन-प्रतिदिन भारतीय समाज मे बढती जा रही है। खासकर भारत के युवा लोग अधिक नशे मे ग्रस्त है इसलिए नशे से बचना अत्यंत आवश्यक है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने बच्चों की पढ़ाई व अपने परिवार के विकास की तरफ ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए रैली के माध्यम से बच्चों ने गांव में जाकर स्त्रियों,पुरुषों व युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति के ऊपर नारे लगाते हुए लोगों को अपनी ओर काफी आकर्षित किया। इसके परिणाम स्वरूप लोगों ने बच्चों की इस पुण्य कार्य के प्रति जागरूक करने की प्रशंसा की। इस अवसर पर नशा मुक्ति नोडल अधिकारी रितेश कुमार जी,देवेंद्र पाल जी, मुकेश जी,राजकुमार जी, राजेश जी और श्रीमती रितु जी व अन्य सभी स्टाफ सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जागरूक**

**▶▶ छात्र-छात्राओं ने गांव में गली-गली घूम कर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया**

# युवा संवाद कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढ़ांडा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़** । आप पार्टी द्वारा चलाए जा रहे परिवार जोड़ो अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय सलाहकार श्री अनुराग ढ़ांडा जी आज 16 सितंबर शनिवार को महेंद्रगढ़ पहुंचे और यादव सभा में आयोजित "युवा संवाद कार्यक्रम" में शिरकत की।अनुराग ढ़ांडा जी आज शनिवार प्रात 10:30 बजे राव तुलाराम चौक पर पहुंचे जहां उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

# नेहरू युवा केंद्र की ओर से भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**कार्यक्रम**

**▶▶ राष्ट्रपिता गांधी व लाल बहादुर जी की जयंती के अवसर पर स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा** नारनौल । युवा मामले खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार आज नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संसद के केंद्रीय सदन में (प्राइड) संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समस्त भारतवर्ष से 25 युवाओं के एक दल को भागीदारी का अवसर मिलेगा। इसी कड़ी में 16 सितंबर तक देश भर के हर जिले से ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से एक-एक विजेता प्रतिभागी को राज्य स्तर पर भाग लेने के प्रेषित किया गया है। राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रम के विजेताओं को केंद्रीय सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज करने का व अपने विचार रखने का अवसर भी मिलेगा।
उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ से आज जिला स्तर की इस प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों ने अमृत काल में लाल बहादुर शास्त्री की जीवनी व विरासत विषय पर उपलब्ध समय में अपने विचार रखें। इस भाषण प्रतियोगिता में प्रीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका में जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव , प्रोफेसर गीता यादव व पत्रकार हरी सिंह रहे।



# लॉ की डिग्री हासिल कर बन सकते हैं वकील और जज : विनय

## जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को किया लीगल कैरियर के बारे में जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में विद्यार्थियों के लिए कैरियर वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया । इस मौके पर मुख्य वक्ता व जिला बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट विनय छिक्कारा ने छात्र-छात्राओं को आगे चलकर लॉ की पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने कहा कि लॉ की डिग्री हासिल कर विद्यार्थी वकील से लेकर जज तक बन सकते हैं । इसके अलावा कॉर्पोरेट सेक्टर, बैंकिंग सहित कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां लॉ की डिग्री हासिल कर युवा बेहतर कैरियर बना सकते हैं। लॉ एक ऐसा क्षेत्र है, जहां सरकारी और निजी दोनों ही जगह कैरियर की अच्छी संभावनाएं हैं। लॉ की डिग्री पाने के लिए पढ़ने की आदत के साथ-साथ, प्रेजेंटेशन स्किल्स और कम्युनिकेशन स्किल का अच्छा होना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि भारत में लॉ कोर्स में दाखिला के लिए क्लैट (सीएलएटी), एआईएलईटी, एलसैट इंडिया (एलएसएटी) जैसी प्रवेश परीक्षाएं देनी होती है । विद्यार्थी जहां तीन वर्ष का एलएलबी कोर्स स्नातक के बाद कर सकते हैं, वहीं अंडर ग्रेजुएट स्टूडेंट्स के लिए 5 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स बीए, बीबीए एलएलबी उपलब्ध हैं। इससे पहले एडवोकेट विनय छिक्कारा ने स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ दीप प्रज्वलित कर कैरियर वर्कशॉप का शुभारंभ किया।
एडवोकेट विनय छिक्कारा ने विद्यार्थियों को बताया कि लॉ यानी वकालत का पेशा समय के साथ बदलता जा रहा है। आज यह चकाचौंध से भरपूर प्रोफेशन बन चुका है। लॉ की डिग्री हासिल करने के बाद विद्यार्थी लॉ एक्सपर्ट के तौर कॉरपोरेट सहित कई नए सेक्टर में ज्वाइन कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि लीगल एनालिस्ट की जरूरत प्राइवेट सेक्टर में स्टार्टअप, इंडस्ट्रियल, सोशल ऑर्गनाइजेशन जैसी हर कंपनी में होती है । आज कॉरपोरेट लॉयर, एनवायरमेंट लॉयर, पेटेंट और कॉपीराइट लॉयर, लेबर लॉयर, इंटरनेशनल लॉयर आदि की काफी डिमांड है। एनजीओ में भी ऐसे प्रोफेशनल और लीगल एडवाइजर को तवज्जो दी जाती है जो पर्यावरण के लिए काम कर रहे हैं। लॉ की डिग्री मिलने के बाद न्याय सेवा और सिविल सेवा की परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं। इन परीक्षाओं को पास करने के बाद कैंडिडेट जज बन सकते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य ऊंचे पदों पर कार्यरत हो सकते हैं।



# छात्र रोहान गौड़ का एनसीसी के राष्ट्रीय थल सैनिक कैम्प के लिए हुआ चयन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनंसचार एंव मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्र रोहान गौड़ का चयन एनसीसी के राष्ट्रीय थल सैनिक कैम्प के लिए हुआ है। इस कैम्प का आयोजन नई दिल्ली स्थित एनसीसी निदेशालय में होगा। यह कैम्प 19 सितम्बर से आरंभ होकर 29 सितम्बर को सम्पन्न होगा। इस कैंम्प में भारत के विभिन्न राज्यों से चुनिंदा कैडेटस भाग लेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एनसीसी विभाग के इंचार्ज लेफ्टिनेंट डॉ. अजय जांगड़ा ने बताया कि रोहान गौड़ का इस कैम्प में चुनाव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है क्योंकि एनसीसी में यह प्रतिष्ठित कैम्प माना जाता है जिसमें कैडेट को कठिन चुनाव प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।
यह कैम्प कैडेटस को शूटिंग, ऑबस्टेकल ट्रेनिंग, वाद-विवाद प्रतियोगिता इत्यादि में प्रतिभा प्रदर्शन का सुअवसर प्रदान करता है।इस अवसर पर संस्थान की निदेशिका प्रो. बिंदु शर्मा ने कैडेट व एनसीसी विंग को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



## न्यूज फ्लैश

### छावनी के गवर्नमेंट कॉलेज में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला छावनी** के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में जनसंचार विभाग की तरफ से एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बीएएमसी के तीनों वर्ष के छात्रों ने अपनी अपनी फोटो प्रदर्शित की। प्रदर्शनी का शुभारंभ कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ देशराज बाजवा ने किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की इस तरह के आयोजन छात्रों के पठन पाठन को रौचक बनाते हैं। उन्होंने विभाग के छात्रों व स्टाफ सदस्यों को हर साल लगने वाली इस प्रदर्शनी के लिए बधाई दी। विभाग की अध्यक्ष डॉ बलजिंद्र कौर ने बताया की जनसंचार विभाग की तरफ से हर साल अल तस्वीर नाम से फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। इस प्रदर्शनी में फोटोग्राफी विषय के छात्रों के अलावा जनसंचार विभाग के अन्य छात्र भी भाग लेते हैं।
प्रदर्शनी की कॉर्डिनेटर डॉ तंजूम कंबोज ने बताया की इस बार की फोटो प्रदर्शनी में चार थीम रखे गए थे। इनमें अंबाला की वास्तुकला, अध्यात्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व स्ट्रीट कल्चर शामिल थे। करीब 70 छात्रों ने इन विषयों पर अपनी अपनी फोटो प्रदर्शित की।
इस आयोजन के विभाग के प्रो धर्मवीर सिंह,राकेश शर्मा, डॉ संदीप सैनी व प्रो हितेश भारद्वाज ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पीएम मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगा भाजपा युवा मोर्चा



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा के सहयोग से मोदी जी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा मना रही है। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र राजपूत ने बताया कि इस सेवा पखवाड़ा में युवा मोर्चा को ब्लड डोनेशन कैंप लगाने और सफाई अभियान में सहयोग करने की विशेष जिम्मेवारी दी गई है। माननीय प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में युवा मोर्चा द्वारा 17 से 20 सितंबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत प्रत्येक जिले में और प्रत्येक विधानसभा में एक-एक ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जा रहा है। इस ब्लड डोनेशन कैंप का उद्देश्य युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना है और मोदी जी के जन्म दिवस पर उनके दीघार्यु होने की कामना करने के लिए लगाए जा रहे हैं। इस निमित्त जिला महेंद्रगढ़ में युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिले में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 17 तारीख सुबह 10:00 बजे अटेली विधानसभा के गांव सराय में युवाओं द्वारा रक्तदान सिविल का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ अटेली के विधायक सीताराम यादव और जिला के जिला अध्यक्ष दयाराम यादव करेंगे। इस रक्तदान के मौके पर युवाओं से ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने का आह्वान करते हैं और माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के दीघार्यु होने की कामना करते हैं। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जोगिंदर राजपूत ने युवाओं से रक्तदान में ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की अपील की।

### विश्वकर्मा जयंती पर मिलेगा पिछड़ा वर्ग को तोहफा: अरुण मंढाना

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पिछड़ा वर्ग को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना के रूप में तोहफा देंगे। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण मंढाना ने कहा कि 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाली विश्वकर्म योजना में केंद्र सरकार द्वारा 13 हजार करोड रुपए का बजट रखा गया है जिसमें पिछड़ा वर्ग को 140 गरीब जातियों के साथ-साथ मुस्लिम पसमांदा जाति को भी योजना का लाभ मिल पाएगा, जिससे लगभग 30 लाख परिवार लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत दो लाख रुपए तक का ऋण 5% वार्षिक के मामूली ब्याज पर लाभार्थी को दिया जाएगा ताकि वह अपना निजी व्यवसाय शुरू कर सके। इसके लिए योजना में प्रशिक्षण देना मार्केटिंग सकिल सीखना तथा 15 हजार रुपए के अनुदान का प्रावधान भी रखा गया है। अरुण मंढाना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि रोजगार मांगने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनो। इसी उद्देश्य के निहित उन्होंने हमारे पारंपरिक कार्यो जैसे बढई,वेल्डर,सैलून,बागवानी, मोची, धोबी आदि पीढ़ी दर पीढ़ी चले आए कामों को और आगे बढ़ाने के लिए ही इस योजना को शुरू करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता 17 सितंबर को बड़ी स्क्रीन पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ प्रधानमंत्री को इस योजना का शुभारंभ करते हुए देखें। उन्होंने सभी पदाधिकारी को आह्वान किया कि इस योजना को जन-जन तक पहुंचाएं और लोगों को इसका लाभ लेने में मदद करें।

# बार एसोएिशन गन्नौर का स्थापना दिवस पर जिला एवं सत्र न्यायधीश ने की शिरकत

## 'युवा वकीलों को अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से उनके अनुभव का ज्ञान लेना चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गन्नौर बार** एसोसिएशन द्वारा बार का 23 वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को मनाया गया। समारोह में जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रमोद गोयल, एडीजे फैमली कोर्ट के प्रिंसिपल जज हेमंत यादव, सीजेएम अरविंद कुमार, एसीजेएम शिखा, एसडीजेएम सोनिया श्योकंद, सीजेजेडी पुनीत लिंबा ने बतौर मुख्यातिथि व विशिष्ठ अतिथि एसीपी गौरखपाल राणा, तहसीलदार मनोज कुमार के अलावा खरखौदा बार एसोसिएशन के प्रधान सुरेश ने शिरकत की। बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने जिला एवं सत्र न्याधीश प्रमोद गोयल का बूके देकर स्वागत किया। इसके अलावा बार के अन्य पदाधिकारियों ने अन्य अतिथियों का स्वागत किया। जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रमोद गोयल ने गन्नौर बार के अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गनौर बार एक बहुत ही सुलझी हुई बार है। यहां के वकील कर्तव्यपूर्ण हैं। बार के युवा पदाधिकारी बार के लिए अपने जोश, मेहनत से बहुत कुछ कर सकते है। वे खुद 19 साल बार के सदस्य रहे है। हमे अपने साथियों के लिए आगे बढ़ाने की सोचनी चाहिए। उनकी राय है कि स्थापना दिवस पर बार के युवा साथियों को अधिक से अधिक ज्ञान के लिए प्रेरित करे। हमारे व्यवसाय में ज्ञान बहुत जरूरी है। युवा वकीलों को अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से उनके अनुभव का ज्ञान लेना चाहिए। अपने वरिष्ठ साथी से पूछने में शर्म नही करनी चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता भी अपने जूनियर को ज्ञान दे। जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रमोद गोयल ने कहा कि अब कम्प्यूटर पर सब कुछ आनलाईन है और अन्य सुविधा भी बढ़ गई है। उनका फायदा उठाकर भी ज्ञान ले। गोयल ने कहा कि जो भी जज बना है। उसकी कर्मभूमि भी हमेशा बार है।

## हथियार के बल पर ऑटो रिक्शा छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** नारनौल क्षेत्र में हथियार के बल पर ऑटो रिक्शा छीनने के मामले में स्पेशल स्टाफ कनीना और थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान राकेश वासी मौहल्ला माली टिब्बा नारनौल के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित ने रेवाड़ी और राजस्थान में भी छीनाझझपटी की वारदातों को अंजाम दिया हुआ है, पुलिस द्वारा इनके बारे में पता लगाया जा रहा है। रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस द्वारा ऑटो रिक्शा की बरामदगी की जाएगी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता विक्की वासी गांव तोताहेडी नांगल चौधरी ने थाना शहर नारनौल में ऑटो रिक्शा छीनने की शिकायत दर्ज कराई, जिसमे उसने बताया कि वह सीएनजी थ्री व्हिलर (ऑटो रिक्शा) नारनौल शहर मे चलाता है, दिनांक 8 सितंबर की रात्रि के समय 10:30 पीएम पर वह बस स्टैंड नारनौल पर सवारियों के इन्तजार मे खडा था, उसी दौरान दो नौजवान लडके आए और कहा कि कुलताजपुर चलना है। जिन्होंने 200 रुपये मे कुलताजपुर के लिए ऑटो रिक्शा किराए के लिए किया। इसके बाद कुलताजपुर रोड पर डीएवी स्कूल से आगे पहुंचा तो पीछे बैठे दोनो लडकों मे से एक ने शिकायतकर्ता का गला पकडकर टैम्पो रोक लिया और दूसरे ने बंदूक लगा दी। आरोपितों ने उसको टैम्पो से गिरा दिया और टैम्पो लेकर भाग गए।

## हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता' का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन राजकीय महाविद्यालय,** इसराना में हिन्दी संस्कृत विभाग, तथा नेहरू युवा केन्द्र, पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 'हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता' आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को लेखन कला के प्रति प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. रीति गुप्ता, डा. बलिन्दर गुलिया, तथा कुमारी संगीता रानी ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभागाध्यक्षा ममता ने किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनिका, बी.ए. तृतीय वर्ष ; द्वितीय स्थान अंजलि, बी.काम तृतीय वर्ष, तथा तृतीय स्थान नेहा देवी, बी. ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के में समापन हिन्दी विभागाध्यक्ष डा. मुकेश देशवाल ने सभी को धन्यवाद करते हुए इस प्रतियोगिता के आयोजक लिए नेहरू युवा केंद्र का धन्यवाद भी किया।

## वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा का किया जा रहा आयोजन

**पानीपत: पानीपत जिला** के समस्त अग्रवाल समाज द्वारा प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 1 अक्टूबर को जींद के अर्जुन स्टेडियम में होने वाली वैश्य संकल्प को कामयाब बनाने के लिए 15 सितंबर से अग्रवाल समाज के युवा साथियों द्वारा पूरे हरियाणा में वैश्य मोटरसाइकिल चेतना यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जोकि 17 सितंबर को 4:30 बजे पानीपत के टोल टैक्स पर पहुंचेगी जिसके स्वागत में पानीपत जिले के समस्त अग्रवाल समाज के साथी मौजूद होंगे। इस यात्रा की अगुवाई महाराजा अग्रसेन जी के 18 पुत्रों के रूप में अग्रवाल समाज के युवा साथी अपने मोटरसाइकिलो पर करेंगे। तत्पश्चात पानीपत के टोल टैक्स से शुरू होकर अंसल से होकर जीटी रोड के रास्ते सनौली रोड शिव चौक एसडीबीएम स्कूल के बाद महाराजा अग्रसेन चौक पर यात्रा का समापन होगा।

## 'भगवान अरिष्टनेमिनाथ की कथा सुन वैरागी हो गए थे राजकुमार'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** श्री एस एस जैन सभा गुड मंडी सोनीपत के तत्वाधान में ओजस्वी वक्ता श्री रमेश मुनि जी महाराज के सानिध्य में चल रही प्रयुषण महापर्व की धर्म आराधना में प्रवचन भास्कर श्री मुकेश मुनि जी महाराज ने कहा कि श्री अंतकृतदशांग सूत्र में वर्णित महान आत्माओं ने आज शास्त्रों में यादव वंशी युवा राजकुमारों का वर्णन किया गया है संसार के समस्त सुख साधन उन्हें बड़ी सहजता से मिले थे, परंतु भगवान अरिष्टनेमिनाथ की वाणी सुनकर उन्हें वैराग्य हो गया था, उन्होंने कहा कि जिसके हृदय में जब वैराग्य उत्पन्न हो जाता है तो उसके लिए संसार के समस्त सुख काम भोग धन वैभव राजमहल तुच्छ हो जाते हैं, ये सभी राजकुमार युवा थे, इन सुखों की ओर पीठ करके आत्म कल्याण की ओर साधना करते हुए संयम की राहों पर चल पड़े` यह सभी युवा थे, भोग विलास के समस्त सुख साधन इन्हें बड़ी सहजता से उपलब्ध थे, फिर भी काम भोगों से स्वयं को बचाकर रखा`वर्तमान समय में यौवन और व्यसन एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं संस्कार से संपन्न समझे जाने वाले घरों के लोगों में व्यसन भरे हुए हैं, किसी को शराब की लत लगी हुई है` कोई युवा सट्टा खेल कर अमीर बनना चाहता है, कोई दूसरों का धन हड़पने के लिए तत्पर बना है, कहीं-कहीं तो एक साथ अनेकों व्यसनों ने युवाओं के जीवन को खोखला बना दिया है, उन्होंने कहा कि युवा शक्ति समाज और राष्ट्र का भविष्य होती है।

# रुपयों का लालच देकर खाते खुलवाने वाले गिरोह के तीन सदस्य को चढ़े पुलिस के हत्थे

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। क्राइम यूनिट** गन्नौर की टीम ने साइबर ठगी के लिए गरीब लोगों को रुपयों का लालच देकर बैंक के खाते खुलवाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपित षभ गुप्ता, सौरभ जैन व सुनील शैठी छत्तीसगढ़, दुर्ग जिले के भिलाई शहर के रहने वाले हैं। तीनों आरोपित खाते खुलवाने का प्रयास में बड़ी गांव के निकट घूम रहे थे। क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम ने गुप्त सूचना पर तीनों आरोपितों को बड़ी औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपितों के पास से पुलिस ने अलग-अलग कंपनियों के 8 फर्जी सिम कार्ड, 11 फर्जी एटीएम कार्ड व 6 मोबाइल बरामद किए हैं। इन मोबाइलों से 4 अतिरिक्त सिम भी पुलिस ने बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ थाना गन्नौर पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 व 511 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश कर सात दिनों के पुलिस रिमांड पर लिया है।

- गरीब लोगों को खाता खुलवाने वाले रुपयों का लालच देते थे

क्राइम यूनिट गन्नौर के एसआई चांद सिंह ने बताया कि गिरफ्तार हुए तीनों आरोपित ग्रेजुएट हैं। उन्होंने खुलासा किया कि वह खाता खुलवाने के लिए गरीब व मजदूर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। पहले वह उनके पास फोन पर संपर्क साध कर खाता खुलवाने पर रुपये देने का लालच देते थे। इसके बाद वह उनसे मिल कर उनका खाता खुलवाने के लिए जरूरी दस्तावेज ले लेते थे और बदले में उन्हें पांच से 10 हजार रुपये देते थे। इन रुपयों से वह अपनी जरूरतों को पूरा करते थे।

**खाता खुलवाते समय अपना मोबाइल नंबर देते थे:** आरोपितों ने बताया कि वह लोगों के दस्तावेज लेकर अलग-अलग बैंको में खाते खुलवाते थे। बैंको में खाता खुलवाते समय वह उसमें अपना मोबाइल नंबर दर्ज करवाते थे, ताकि रुपयों का लेन-देन के मैसेज केवल उन्हीं को प्राप्त हो सके। इतना ही नहीं वह खाताधारक की पासबुक, चेक बुक व एटीएम भी अपने पास ही रखते थे।

**फर्जी आइडी पर लेते हैं मोबाइल सिम:** गिरफ्तार हुए आरोपितों ने खुलासा किया कि वह खातों में जिन मोबाइल नंबरों को दर्ज करवाते थे वह सभी मोबाइल नंबर फर्जी आइडी के माध्यम से लिए जाते है, ताकि साइबर क्राइम करते समय साइबर ठग गिरोह के सदस्य पुलिस की गिरफ्त से बचा रह सके। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपित गिरोह के सदस्य के तौर पर काम करते थे। तीनों आरोपित खातों को खुलवा कर उसे गिरोह के सरगना को सौंप देते थे। इसके लिए गिरोह का सरगना उन्हें प्रति खाते के हिसाब से रुपये अदा करता था। पूछताछ में पुलिस को इस गिरोह के मुखिया के बारे में जानकारी हाथ लगी है। जोकि छत्तीसगढ़ में बैठ कर इस गिरोह का संचालन करता है। पुलिस अब गिरोह के सरगना को पकड़ने का भी प्रयास कर रही है। आरोपितों ने बताया कि ठगी का शिकार हुए लोगों का रुपया साइबर ठगों द्वारा इन्हीं खातों में ट्रांसफर करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि उनका काम केवल खाते खुलवा कर उन्हें गिरोह के सरगना तक पहुंचाने का है।
इसके बाद छत्तीसगढ़ में ही काम कर रहा गिरोह लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना कर उनके खातों का रुपया इन खाते में डलवाता है। जिससे बैंक की डिटेल निकलवाने पर भी पुलिस उन तक न पहुंच सके।

## क्रोमा पर, 15 सितंबर से 79,900 की शुरूआती कीमत पर आईफोन 15 सीरीज की पहले-पहल प्री-बुकिंग करें!

**नोएडा।** क्रोमा स्टोर्स पर सिर्फ 2,000 रुपये में आईफोन 15 सीरीज की प्री-बुकिंग करें और 24 महीने तक के लिए नो-कॉस्ट ईएमआई और डिलीवरी के दिन पूरा भुगतान करने पर और अधिक ऑफर्स एवं छूट का लाभ उठाएं। भारत में एप्पल की नवीनतम आईफोन 15 सीरीज के आने के साथ, तकनीकी विशेषज्ञों और मोबाइल फोन के शौकीनों को काफी खुशी मिल सकती है। क्रोमा के साथ, 15 सितंबर 2023 से क्रोमा स्टोर्स और croma.com पर बहुप्रतीक्षित आईफोन 15 सीरीज की पहले-पहल प्री-बुकिंग करें। क्रोमा पर 22 सितंबर 2023 से न्यूफोरिया आईफोन 15 सीरीज, एप्पल वॉच सीरीज 9 और ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 सभी उपलब्ध होंगे। पहली बार, मुंबई, पुणे और सूरत के सभी ग्राहकों द्वारा 15 सितंबर से 18 सितंबर, 2023 के बीच के शुरूआती चार दिनों में क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम से अपने आईफोन 15 सीरीज की प्री-बुकिंग करने पर, क्रोमा द्वारा कॉर्डिला क्रूज पर क्रोमा क्रूज कंट्रेल 4.0 के टिकट जीतने का दुर्लभ मौका दिया जा रहा है। प्री-बुकिंग 21 सितंबर 2023 तक सभी स्टोर्स और वेबसाइट पर खुली रहेगी। क्रोमा स्टोर्स सेल डे, 22 सितंबर 2023 को सुबह 8 बजे खुल जाएंगे एक अन्य विशेष प्री-बुकिंग लाभ चुनिंदा शहरों में क्रोमा द्वारा प्रदान की जाने वाली एक्सप्रेस डिलीवरी है, जो किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर के पास उपलब्ध नहीं है। ग्राहक एक्सप्रेस डिलीवरी विकल्प के माध्यम से नवीनतम आईफोन 15 सीरीज और ऐप्पल वॉच सीरीज 9 एवं ऐप्पल वॉच अल्ट्रा 2 को प्री-बुक कर सकते हैं और चुनिंदा शहरों में क्रोमा से शीघ्र पहुंच के साथ नवीनतम आईफोन प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति बन सकते हैं। ग्राहक को प्री-बुक किए गए उत्पाद 22 सितंबर 2023 को प्राप्त हो जाएंगे।

## टीसीएस ने टीसीएस रूरल आईटी क्विज 2023 की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस और कर्नाटक सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी और सायंस एंड टेक्नॉलॉजी डिपार्टमेंट ने घोषणा की है कि टीसीएस रूरल आईटी क्विज के 24 वें संस्करण में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन्स शुरू हो चुके हैं। बेंगलुरु टेक समिट 2023 के एक हिस्से के रूप में इस क्विज का आयोजन किया जाएगा। इस क्विज में ऑनलाइन टेस्ट्स, और वर्चुअल और फिजिकल क्विज शोज भी होंगे। छोटे शहरों और जिलों के आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए बढ़ावा दिया जाता है। शहर निगम की सीमाओं के भीतर के स्कूलों के छात्र इसमें हिस्सा नहीं ले सकते। इस क्विज में विभिन्न क्षेत्रों और पहलुओं में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जिनमें प्रौद्योगिकी पर्यावरण, कारोबार, लोग, नए रुझान शामिल हैं। जिन क्षेत्रों को आईटी ने प्रभावित किया है उन्हें भी क्विज में शामिल किया जाता है, जैसे कि, बैंकिंग, शिक्षा, मनोरंजन, किताबें, मल्टीमीडिया, संगीत, मूवीज, इंटरनेट, एडवरटाइजिंग, खेल, गेमिंग, सोशल नेटवर्किंग और मोबाइल्स की दुनिया।

## मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का किसान उठाएं लाभः उपायुक्त

**पानीपत, कमाल हुसैन उपायुक्त डॉ०** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि करने व फसल विविधीकरण के तहत लगाई गई बागवानी फसलों में होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भावन्तर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिला के बागवानी खेती करने वाले किसान फसल की खेती के दौरान व उसके उत्पादन के बाद होने वाले जोखिमों को कम कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई भावांतर भरपाई योजना व बागवानी बीमा योजना बागवानी किसानों के लिए एक अभूतपूर्व योजना है। यह योजना किसानों को सब्जियों व फलों के भाव से जोखिम मुक्त कर उन्हें फसल का उचित दाम दिलाने में कारगर साबित हो रही है। किसान जब अपनी बागवानी की फसल को मंडी में बेचने जाता है तो उसको फसल का सही दाम नही मिल पाता। जिससे किसान हतोत्साहित होकर फिर से पारंपरिक खेती करने का विचार करता है। ऐसे किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार फसल में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए भावांतर भरपाई योजना के अंतर्गत मुहावजा व मूल्य के रूप में प्रोत्साहन धनराशि प्रदान करेगी। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना के तहत आलू, फूल गोभी, गाजर, मटर, टमाटर, प्याज, शिमला मिर्च, बैंगन भिंडी मिर्च, करेला, बंदगोभी, मूली, किन्नू, अमरूद, चीकू, आडू, आलूबुखारा, आम, नाशपाती, लीची, आंवला, बेर, लहसुन व हल्दी आदि को सूचीबद्ध किया गया है। सभी फसलों के संरक्षित मूल्य सरकार द्वारा पहले से निर्धारित किए गए है।
इस योजना के तहत सरकार द्वारा निर्धारित संरक्षित मूल्यों से कम बिक्री होने पर जो नुकसान होगा उसकी भरपाई प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को की जाएगी। उत्पादन से पूर्व होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत उत्पादक किसान उपरोक्त फसलों का बीमा भी करवा सकते हैं।

# स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों की नेत्र जांच की

## नेत्र रोग चिकित्सक डा. प्रियंका पटेल ने आंखों के रोग से बचाव के टिप्स दिए

**परमार्श**

**नेत्र की उचित देखभाल न करने से नेत्र संबंधी कई तकलीफें हो सकती हैं: डा. प्रियंका पटेल**



**टीम एक्शन इंडिया/राई। स्टैनफोर्ड इंटरनेशनल** स्कूल में एलडीको सिटी स्थित संजोग अस्पताल द्वारा अस्पताल सूरज माथुर की देखरेख में निशुल्क नेत्र जांच एवं ब्लड प्रेशर शिविर लगाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य दीपिका मलिक ने शिविर का शुभारंभ करवाया। उप प्रधानाचार्य नंदनी छाबड़ा, संजय कुमार भाटिया एडमिनिस्ट्रेटर ने सर्वप्रथम अपना चेकअप करवाकर शिविर का शुभारम्भ करवाया। संजोग अस्पताल से आए चिकित्सकों की टीम का शिक्षकों ने स्वागत किया। नेत्र रोग चिकित्सक डा. प्रियंका पटेल ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि आंखों के रोग से बचाव के टिप्स दिए। विद्यार्थियों को अपनी आंखों को धूल मिट्टी सहित अन्य संक्रमण से बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बच्चों को टीवी उचित दूरी से देखना चाहिए, जिससे कि उनकी आंखों पर बुरा असर न पड़े। धूप में निकलते समय चश्मे का इस्तेमाल करना चाहिए। नेत्र की उचित देखभाल न करने से नेत्र संबंधी कई तकलीफें हो सकती हैं। जैसे, नजदीक एवं दूर की दृष्टि कमजोर होना। लालिमा, आंखों से पानी आना, रात में कम दिखना, आंखों का टेढ़ापन, कॉर्निया आदि की समस्याएं आदि।

# समान दिवस रैली का न्योता देने अंबाला पहुंचे अभय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) इंडियन** नेशनल लोकदल नेता एवं ऐलनाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला अंबाला पहुंचे। उन्होंने बीपीएस प्लैनिटेरियम में जिले के पदाधिकारियों एवं वर्कर्स की मीटिंग ली और 25 सितंबर को कैथल में होने जा रही सम्मान दिवस रैली का न्योता दिया। अभय सिंह चौटाला ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि पहले उनके नेताओं की गुटबाजी अखबारों में नजर आती थी, लेकिन अब सड़कों पर नजर आती है। कांग्रेस

**कांग्रेस पर तंज**

**पहले उनके नेताओं की गुटबाजी अखबारों में नजर आती थी, लेकिन अब सड़कों पर नजर आती है**

ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा इनेलो की परिवर्तन पदयात्रा से सीख लेते हुए शुरू की थी, लेकिन इनकी गुटबाजी के चलते यह हाथ से हाथ जोड़ो नहीं बल्कि हाथ से हाथ तोड़ो यात्रा थी। गठबंधन सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि सरकार ने नूंह में भाईचारा तोड़ने की कोशिश की। हिंदू मुस्लिम को बांटने की कोशिश की। अंबाला ही नहीं, मेवात की भी तीनों सीट इनेलो जीतेगी। अभय सिंह चौटाला ने पदाधिकारी और वर्कर्स को कैथल में 25 सितंबर को होने वाली सम्मान दिवस रैली का न्योता दिया। विदित हो कि इनेलो द्वारा ताऊ देवीलाल का 110वां जन्म दिवस सम्मान दिवस समारोह के रूप में मनाया जा रहा है,जिसमें देश भर से सभी नेता शिरकत करेंगे।

## संपादकीय

# ब्रह्मांड के वास्तुकार की महिमा अपरंपार

**प्रतिवर्ष** 17 सितंबर को की जाने वाली ह्यविश्वकर्मा पूजाह्ल एकमात्र ऐसी पूजा है, जो काम में बरकत के लिए की जाती है। इस दिन सभी प्रकार की मशीनों, जैसे औजार, गाड़ी, कम्प्यूटर अथवा प्रत्येक ऐसी वस्तु, जो आपके कार्य को पूरा करने में इस्तेमाल होती है, उसकी पूजी की जाती है। भगवान विश्वकर्मा को औजारों का देवता और धातुओं का रचयिता भी कहा जाता है। वास्तु शास्त्र में महारत हासिल होने के कारण ही विश्वकर्मा को वास्तुशास्त्र का जनक कहा गया। यही कारण है कि वास्तुकार कई युगों से भगवान विश्वकर्मा को अपना गुरु मानते हुए उनकी पूजा करते आ रहे हैं। ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा के जन्म को लेकर पुराणों में एक कथा का उल्लेख मिलता है, जिसके अनुसार, सृष्टि की रचना की शुरूआत में भगवान विष्णु क्षीरसागर में प्रकट हुए और उनके नाभि-कमल से ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा जी के पुत्र का नाम धर्म रखा गया। धर्म का विवाह संस्कार वस्तु नामक स्त्री से हुआ। धर्म और वस्तु के सात पुत्र हुए और सातवें पुत्र का नाम वास्तु रखा गया। वास्तुशिल्प शास्त्र में अत्यंत निपुण थे। वास्तु के ही पुत्र का नाम विश्वकर्मा था, जो अपने माता-पिता की ही भांति महान शिल्पकार हुए और इस सृष्टि में अनेकों प्रकार के अद्भुत निर्माण विश्वकर्मा द्वारा ही किए गए। शास्त्रों के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा का जन्म माघ शुक्ल त्रयोदशी को हुआ था, इसलिए इन्हें भगवान शिव का अवतार भी माना जाता है। कुछ धर्मग्रंथों में यह उल्लेख भी मिलता है कि महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र बृहस्पति की बहन भुवना ब्रह्मविद्या जानने वाली थी, जिनका विवाह अष्टम् वसु महर्षि प्रभास के साथ हुआ था, उन्हीं से सम्पूर्ण शिल्प विद्या के ज्ञाता प्रजापति विश्वकर्मा का जन्म हुआ। कुछ कथाओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा का जन्म देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से हुआ । धर्म शास्त्रों के अनुसार महर्षि दधीचि द्वारा दी गई उनकी हड्डियों से ही विश्वकर्मा ने वज्र का निर्माण किया है, जो देवताओं के राजा इन्द्र का प्रमुख हथियार है। ऐसी मान्यता है कि एक बार असुरों से परेशान देवताओं की गुहार पर विश्वकर्मा ने महर्षि दधीचि की हड्डियों से देवताओं के राजा इन्द्र के लिए वज्र बनाया था, जो इतना प्रभावशाली था कि उससे असुरों का सर्वनाश हो गया। देवताओं का स्वर्ग हो या रावण की सोने की लंका अथवा भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका या पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर, इन सभी का निर्माण भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही किया गया था, जो वास्तुकला की अद्भुत मिसाल हैं। देवताओं के लिए उन्होंने अनेक भव्य महलों, आलीशान भवनों, हथियारों तथा सिंहासनों का निर्माण किया। इसीलिए उन्हें ह्यदेवताओं के शिल्पीह्ल के रूप में भी विशिष्ट स्थान प्राप्त है। चार युगों में उन्होंने कई नगरों और भवनों का निर्माण किया। रावण के अंत के बाद जिस पुष्पक विमान में बैठकर राम, लक्ष्मण, सीता और अन्य साथी अयोध्या लौटे थे, वह भी विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित किया गया था। सबसे पहले सतयुग में उन्होंने स्वर्गलोक का निर्माण किया, त्रेता युग में लंका का, द्वापर युग में द्वारिका का और कलियुग के आरंभ के 50 वर्ष पूर्व हस्तिनापुर तथा इंद्रप्रस्थ का निर्माण किया। उन्होंने ही जगन्नाथ पुरी के जगन्नाथ मन्दिर में स्थित कृष्ण, सुभद्रा और बलराम की विशाल मूर्तियों का निर्माण किया।

# ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्मा



रमेश सर्राफ धमोरा

> "भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यों में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था"

**विश्वकर्मा** शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निमार्ता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं। हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है।
विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि हिंदू भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निमार्ता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निमार्ता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्धारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं।
विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।
धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है।
विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।
विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निमार्ता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निमार्ता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी। माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना विश्वकर्मा योजना को लॉन्च किया जाएगा। इस योजना के तहत देश में फर्नीचर या लकड़ी का काम करने वाले, सैलून चलाने वाले, जूते बनाने वाले और मकान बनाने वाले कामगारों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी।
उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर सरकार 13 से 15 हजार करोड़ रुपये की एक योजना को लॉन्च करेंगी। इस तरह उन लोगों की सहायता हो सकेगी जो परांपरिक तरीके के कौशल से अपनी जीवका चलाते है। ये अपना भरणपोषण औजारों और हाथ से काम करके करते है। उन्होंने कहा कि इनमें सुनार हों, राजमिस्त्री हों, कपड़े धोने वाले हों या बाल काटने वाले के परिवार हों। ऐसे लोगों को इस योजना से आर्थिक ताकत प्रदान की जा सकेगी।



## कविता

### सड़क की पीड़ा

मैं ने सुनी हैं उसकी आहटें
मौन पीड़ा और अकुलाहटें
वह बिलखती और तड़पती भी है
आँसूओं से नहाती भी है
लेकिन...
उसकी आवाज मौन है
क्योंकि वह एक सड़क है !
अब वह अकेली है
उजड़ गए हैं उसके श्रृंगार
विस्तार के लिए काट दिए गए पेड़
वह अब नंगी और बेजान है
क्योंकि...
उसका अपनापन लूट गया
अब गर्म सूरज उसे पिघलाएगा
बारिश उसे भिगोएगी
वाहनों की चोट से वह घायल होगी
अपना सुख-दुःख भी नहीं बाँट पाएगी
क्योंकि...
विस्तावाद में उसने अपनों को खो दिया
अब धूप में पिघलना, बारिश में भींगना
गर्मी से जलना और ठंड में सिकुड़ना
उसकी नियति होगी
क्योंकि...
उसका अपनापन लूट गया ?

प्रभुनाथ शुक्ल

## इंडिया गठबंधन दलों का सिर फुटव्वल

अशोक भाटिया

**सनातन** व हिन्दू धर्म विरोधी बयान पर विपक्षी 28 दलों ने लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन कर लिया। विपक्षी दलों के इस गठबंधन का इरादा केंद्र की सत्ता से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को उखाड़ फेंकना है। विपक्षी दलों के गठबंधन की पटना, बेंगलुरु और मुंबई में तीन बैठक हो चुकी हैं, लेकिन मोदी के खिलाफ रणनीति बनाने की जगह विपक्ष का गठबंधन आपसी टकराव से ही जूझता नजर आ रहा है। एक तरफ अभी तक सीटों के बंटवारे पर फैसला नहीं हो सका है। वहीं, सनातन और हिंदू धर्म ग्रंथों के बारे में विपक्षी दलों के गठबंधन के नेताओं के जहरीले बयानों पर ही सफाई देनी पड़ रही है। विपक्षी दलों के गठबंधन को शुक्रवार को भी अपने साथी हिंदू और सनातन विरोधी नेताओं के बड़बोले बयानों पर सफाई देनी पड़ी। भोपाल में न्यूज चैनल आजतक के कार्यक्रम में कांग्रेस के नेता कमलनाथ से सनातन को मिटा देने के डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के बयान पर सवाल किया गया। कमलनाथ को इस पर मंच से कहना पड़ा कि कोई कुछ कहे, लेकिन सब जानते हैं कि हमारा देश सनातन धर्म का है। कमलनाथ ने ये भी कहा कि सनातन धर्म कहता है कि सबको साथ लेकर चलो। सुनिए सनातन धर्म पर कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ का बयान। एक तरफ कमलनाथ अपनी पार्टी के सहयोगी दल डीएमके की तरफ से सनातन पर उठाए गए विवाद पर अपनी बात कह रहे थे, तो वहीं, बिहार में विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल आरजेडी के नेता और नीतीश कुमार सरकार में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को अपनी पार्टी के नेता और शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को नसीहत देनी पड़ गई। दरअसल, चंद्रशेखर का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो रामचरितमानस को खतरनाक जगह पोटेशियम साइनाइड बता रहे थे। इससे पहले भी चंद्रशेखर ने रामचरितमानस पर विवादित बयान दिया था।
बहरहाल, इन सब विवादों के अचानक तेजी पकड़ने से विपक्षी दलों के गठबंधन के लिए मुश्किल पैदा होती दिख रही है। हिंदू और सनातन विरोधी बयानों को भाजपा ने मुद्दा बना लिया है। दक्षिण के कुछ राज्यों को छोड़ दें, तो लोकसभा में ज्यादातर सीटें उत्तर भारत से हैं। ऐसे में अगर भाजपा इस हिंदू और सनातन विरोधी विपक्षी गठबंधन के बयानों को मुद्दा बनाने में कामयाब हो गई, तो इससे विपक्ष को लोकसभा चुनाव में एकजुट होने के बावजूद एक बार फिर जोर का झटका लग सकता है। आपको बता दें कि यह विवाद शुरू हुआ जब चेन्नई में तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक और कलाकार संघ के कार्यक्रम में उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता, उनका खात्मा किया जाना चाहिए। मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया और कोरोना का विरोध नहीं किया जा सकता।

## विचार

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



डॉ. रमन सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री (छ.ग. शासन), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (भाजपा)

**आज** भारत विश्व में अपनी अलग पहचान रखता है, दुनिया के बड़े-बड़े राष्ट्राध्यक्ष माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सम्मान करते हैं और भारत में उम्मीद की एक नई किरण देखते हैं, हालही में दिल्ली में जी20 के आयोजन में दुनिया भर से आए राष्ट्राध्यक्षों ने भारत और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रशंसा की, भारत आज विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है इसका सबसे बड़ा कारण माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का अथक परिश्रम और राष्ट्र के आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाए गए कदम हैं, मेक इन इण्डिया जैसे अभूतपूर्व निर्णय हैं जिसने भारत को आत्मनिर्भरता की वो शक्ति प्रदान की जिससे भारत आज विश्व में चमक रहा है। आज भारत मोबाईल मेन्युफेक्चरिंग से लेकर अन्तरिक्ष विज्ञान तक हर क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर हुआ है, आज दुनिया भर में भरतीय मोबाइलों का डंका बज रहा है, जहाँ सन 2013-2014 में भारत में मोबाईल निर्यात 10,352 करोड़ रूपए का था आज मोदी जी के नेतृत्व में वो बढ़कर 68,617 करोड़ रूपए का हो गया है, आज भारत के चंद्रयान 3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है, और अब तो भारत अन्तरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में आदित्य एल 1 से सूर्य की ओर भी बढ़ चला है, आजादी के बाद से भारत, ब्रिटिशकाल में निर्मित संसद भवन का उपयोग कर रहा था लेकिन मोदी जी ने लोकतंत्र कासबसे बड़ा मंदिर कहलाने वाले नए संसद भवन का निर्माण करवाया जो आजाद भारत में निर्मित देश का पहला संसद भवन है और आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक बनकर खड़ा है, न केवल लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर बल्कि आस्था के भी बड़े मंदिर, अयोध्या के राम मंदिरका निर्माण भी मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही संभव हुआ है। यह बदलाव कैसे हुआ यदि इस बात पर गौर किया जाए तो इसके पीछे समस्त देशवासियों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास किया, मोदी जी पर विश्वास किया उन्हें सेवा का अवसर दिया और मोदी जी भी देशवासियों की उम्मीदों पर खरे उतरे, जहाँ देश में 2ॠस्पेक्ट्रम के आवंटन में भी करोड़ों का घोटाला हो जाता था वहां मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद आज 500 से अधिक जिलों में मोबाईल के लिए 5ॠसेवाएँ शुरू की जा चुकी हैं, जहाँ कांग्रेस ने इंदिरा गाँधी जी के जमाने से गरीबी हटाने की बात की और लगातार सिर्फ गरीबी हटाने की बात कहती रही बल्कि आज भी कहती है लेकिन इतने सालों में कभी गरीब कल्याण की दिशा में कार्य नहीं किया वहां सन 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने गरीब कल्याण की दिशा में अनेकों योजनाएं चलाई और पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की अन्त्योदय की विचारधारा पर चलते हुए देश के गरीब से गरीब व्यक्ति तक मूलभूत आवश्यकताओं की पहुँच सुनिश्चित की, आज स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण हो चुका है, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लगभग 80 करोड़ जरुरतमंदों को मुफ्त राशन मिला, आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की योजना से 40 करोड़ से अधिक लोग जुड़े, किसान सम्मान निधि योजना से लगभग 12 करोड़ किसान लाभान्वित हुए, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश में 4 करोड़ आवास का निर्माण हुआ, देश में जहाँ गरीब का बैंकों से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं हुआ करता था वहां मोदी जी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना से लगभग 50 करोड़ गरीब लोगों को जोड़ा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन दिए गए, छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी समाज के 12 जाति समुदाय के 25 लाख से अधिक लोगों के जाति में मात्रात्मक त्रुटि का सुधार कर उनका संवैधानिक उन्हें दिलवाया,भारतमाला परियोजना, वन्दे भारत ट्रेनसमेत अनेकों सौगात छत्तीसगढ़ को मिला और इस प्रकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य लगातार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कर रहे हैं।
हमारी मान्यताओं के अनुसार आज ही के दिन निर्माण के देवता भगवन विश्वकर्मा जी का जन्म हुआ और यह प्रकृति का अद्भुत संयोग है कि नए और आत्मनिर्भर भारत के निमार्ता, विश्व के लोकप्रिय नेता, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्म भी ऐसे पावन दिवस पर हुआ है। जिनके नेतृत्व में राष्ट्र तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है, मोदी जी के रूप में हम सभी एक ऐसे राष्ट्रनायक को देख रहे हैंजो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को गौरवान्वित कर रहें हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विनम्रता और शांति भारत की ताकत

संजीव

**चंद्रयान-3** की चांद पर कदम रखने की सफलता और ॅ20 सम्मेलन में भारत की नेतृत्व करने की भूमिका के साथ ही अब भारत विश्व के सिरमौर देश में अपना स्थान बना चुका है। दिल्ली घोषणा पत्र को सभी देशों के महासमर्थन के साथ भारत के वसुदेव कुटुंबकम की भावना और विश्व शांति की अपील को सर्वमान्यता प्राप्त हो चुकी है। भारत आगामी तीन-चार वर्षो में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सामरिक क्षमता में भी भारत सिरमौर देशों में शामिल है। चंद्रयान-3 को चंद्रमा के साउथ ब्लॉक में पहुंचने के बाद भारत विश्व का पहला देश बन चुका है। इसके साथ यह बहुत उल्लेखनीय तथा महत्वपूर्ण तथ्य है कि अंतरराष्ट्रीय कैनवास पर भारत स्पष्ट रूप से एक शक्तिशाली देश बन कर उभरा है । चीन और पाकिस्तान अब अलग-अलग पड़ चुके हैं। दूसरी तरफ पुतिन ने भारत की ॅ20 की सफलता के बाद मेक इन इंडिया योजना का भारी समर्थन कर देश की स्थिति की प्रशंसा भी की है। कुल मिलाकर वर्तमान परिस्थितियां भारतीय दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा उसके पक्ष में है।
भारत सदैव विश्व मंच पर शांति सौहाद्र और विनम्रता की नीति को अपनाता आया है' भारत ने सदैव शांति और अहिंसा को ही अपना परम धर्म मान कर वैश्विक शांति की पैरवी की है' भारत का सदैव मानवतावादी दृष्टिकोण ही रहा है एवं उतनी ही संवेदनशीलता के साथ उसने अंतरराष्ट्रीय जगत पर अपनी बात का प्रभाव छोड़ा है' पर इसका कतई अर्थ यह नहीं है कि भारत कमजोर या भीरू है। भारत की वैज्ञानिक तथा सामरिक शक्ति अब दुनिया में चौथे नंबर पर आ चुकी है।और हमारे पड़ोसी देश चीन,पाकिस्तान इस मुगालते में बिल्कुल ना रहे कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर उस पर किसी भी तरह आक्रमण करने की कोशिश करें। भारत अब एक स्वाभिमानी शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है और किसी भी आतताई शक्ति को हर स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। इसीलिए भारत अब धीरे धीरे वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है।

## नये भारत के निर्माता हैं कर्मयोद्धा नरेन्द्र मोदी

ललित गर्ग

**एक** महान् कर्मयोद्धा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, सामरिक और आर्थिक सशक्तता की छाप छोड़ते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने को तत्पर है, यह इतिहास के निर्माण का भाव है। निश्चित ही उनकी दृष्टि एवं दिशा भारत के नवशिल्प का आधार है। उन्होंने अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम वर्ष 2014 में शुरू की। वे राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अध्यात्म एवं विज्ञान के समन्वयक, कुशल राजनेता, प्रभावी प्रशासक, विलक्षण व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके 73वें जन्म दिवस पर सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां सुनाई दे रही है, जिनमें नये भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के अमृतमय स्वर गूंज रहे हैं। हमने हाल ही में उनके नेतृत्व में भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 के समिट में विश्व मंच पर भारत की अमिट छाप छोड़ी है। उनका करिश्माई व्यक्तित्व एवं कृतित्व ही है कि नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के घोषणापत्र पर आम सहमति बनी। वैश्विक विश्वास की कमी को पाटने तथा दुनिया में भरोसा विकसित करने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। उनके जीवन का प्रत्येक पल नये आयाम एवं नयी दिशाएं उद्घाटित करता रहा है, हमने मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के मन्दिर के शिलान्यास का दृश्य देखा तो भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक ताकत बनने की ओर अग्रसर होते हुए देख रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में राजग सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए। इस दौरान उनके अनेकों यशस्वी कीर्तिमानों एवं उपलब्धियों में जो दो विशेष उपलब्धियां भारत के हर नागरिक के मन को अधिक छूती हैं, उनमें पहली है दुनिया में भारत का इकबाल स्थापित होना। दूसरी-देश के भीतर भारत भी कर सकता है भावना का संचार होना। अर्थात सब चलता है वाला दृष्टिकोण अब भूतकाल के गर्त में है। नरेन्द्र मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां एवं उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### हिंदी भावों और अभिव्यक्ति की सुंदर भाषा : डा. गुरिंदर सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुरु नानक खालसा** कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा धूमधाम से मनाया जा रहा है। पिछले तीन दिनों से कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी चाहत, उत्साह और उमंग के साथ हिंदी पखवाड़े में भाग ले रहे हैं।
कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने बताया कि हिंदी साहित्य परिषद के संयोजक एवं विभाग अध्यक्ष डॉ बीर सिंह के निर्देशन में पिछले तीन दिनों से हिंदी कहानी लेखन, हिंदी निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थी को उपरोक्त विधाएं लिखनी सिखाई गई। प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने कहा कि हिंदी भावों और अभिव्यक्ति की सुंदर भाषा है। विद्यार्थियों को कहानी उपन्यास कविता निबंध इत्यादि पढ?ा चाहिएं। हिंदी भाषा न केवल हमें संस्कार देती है अपितु मानव का संपूर्ण विकास भी करती है। डा. बीर सिंह ने कहा कि हमें हिंदी भाषा होने पर गर्व है और हरियाणवी हिंदी भाषा की एक समृद्ध एवं सांस्कृतिक बोली है। इस अवसर पर आयोजित हिंदी निबंध प्रतियोगिता में महक प्रीत कौर ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा मंजू एवं अनामिका ने तृतीय पुरस्कार जीते। प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर डा. बलविंदर कौर, डा. प्रवीण कौर, प्रो. आशा, डा. प्रियंका एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने इस आयोजन के लिए प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# करनाल के 5 गांवों में किया जनसंवाद

## मोदी और मनोहर की जोड़ी देश और प्रदेश में कर रही चौतरफा विकास : कमलेश ढांडा




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महिला एवं** बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने शनिवार को करनाल जिला के 5 गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में शिरकत की और आम लोगों से सीधे रूबरू होकर उनकी जन समस्याओं को सुना। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा सर्वप्रथम खेड़ी शर्फअली पहुंची, इसके बाद राहड़ा, रत्तक, बांसा और गोली में जनसंवाद करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने रत्तक गांव में एक्सईएन पीडब्लूडी के जन संवाद कार्यक्रम में मौजूद न होने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।
जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और मंत्री के समक्ष अपनी समस्याओं को रखा।
कार्यक्रम के दौरान आमजन को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकार प्रदेश के हर कोने में बुनियादी विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बीते नौ साल में आमजन के जीवन में सरलता लाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए बिचैलिया तन्त्र को खत्म करने का काम किया है, जिससे आज सरकारी योजनाओं और सेवाओं को पारदर्शी तरीके से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।
**मुख्यमंत्री के जनसंवाद की तरह अब हर मंत्री के जिम्मे भी जनसंवाद की जिम्मेदारी:** राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री प्रदेशभर में गांव-गांव जाकर मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। इस दौरान वे आमजन की समस्याएं सुनते हैं और मौके पर उनकी समस्याओं का निवारण करते हैं। इसी कड़ी में अब जनसंवाद कार्यक्रम के लिए स्वयं मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों की भी ड्यूटी लगाई है। इसी कड़ी में करनाल के 5 गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान उन्होंने खेड़ी शर्फअली, राहड़ा, रत्तक, बांसा और गोली के ग्रामवासियों की शिकायतों को लिया और सरपंचों से मांग पत्र लिया। उन्होंने सभी को आश्वासन दिलाया कि जो समस्याएं यहां पूरी नहीं हो सकती हैं, उन्हें मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष वह स्वयं पहुंचाएंगी और गांवासियों की एक-एक मांग को पूरा करवाने का भरसक प्रयास करेंगी।
**मोदी-मनोहर की जोड़ी कर रही चौतरफा विकास:** महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश और मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदेश में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। मोदी और मनोहर की जोड़ी डबल इंजन की सरकार के साथ देश और प्रदेश में चौतरफा विकास कर रही हैं। एक समय था, जब देश के प्रधानमंत्री खुद कहते थे कि गरीब आदमी के लिए सरकार 100 पैसे भेजती है, लेकिन उन तक 15 पैसे ही पहुंच पाते हैं। लेकिन बीते नौ साल की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान यह व्यवस्था पूरी तरह से बदल रही है। आज केंद्र ही नहीं, प्रदेश सरकार द्वारा भी जरूरतमंद, गरीब, वंचित को दी जा रही योजनाओं, सेवाओं का लाभ शत-प्रतिशत पहुंचाना सुनिश्चित किया गया है। आज वृद्धावस्था पेंशन से लेकर छात्रवृति तक सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि आज तबादला उद्योग, नौकरी उद्योग और बिचैलिया तन्त्र के धवस्त होने से आमजन के जीवन में सरलता आई है। उन्होंने कहा कि आनलाइन तबादला नीति से शिक्षकों, कर्मचारियों की तबादला प्रक्रिया आसान हुई है। पारदर्शी तरीके से योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए हैं। अब तक प्रदेश में एक लाख 10 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी गई हैं।
**गांवों में कैंप लगाने के दिए निर्देश:** राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव खेडी शरफ अली, राहडा, रत्तक, बांसा व गोली में केंद्र-प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए उनका फीडबैक जाना। उन्होंने एसडीएम असंध को इन गांवों में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, बुढ़ापा पेंशन और बिजली आदि की समस्याओं को लेकर कैंप लगाने के निर्देश दिए। इस पर एसडीएम असंध वीरेंद्र सिंह ढुल ने तत्काल कैंप की तारीख तय करने के लिए कहा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने मौके पर ही ग्रामीणों द्वारा पीने के पानी, गंदे पानी की निकासी, गली निर्माण, खेतों के रास्ते निर्माण जैसी मांगों पर तुरंत अधिकारियों से जवाब लिया व उन्हें निर्देश दिए कि आमजन द्वारा रखी गई समस्याओं का निवारण किया जाए।
**जनसंवाद के माध्यम से हो रहा समस्याओं का समाधान: बख्शीश सिंह:** असंध के पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने पांचों गांवों में पहुंचकर अपना संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनसंवाद के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेशभर में जाकर इस जनसंवाद के माध्यम से जनता की आवाज सुन रहे हैं। उनके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि राज्यमंत्री कमलेश ढांडा स्वयं उनके यहां जनसंवाद करने पहुंची हैं। उन्होंने खेड़ी शर्फअली, राहड़ा, रत्तक, बांसा और गोली से जुड़ी मांग राज्यमंत्री कमलेश ढांडा के समक्ष रखी।
उन्होंने कहा कि इन मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि खेड़ी शर्फअली के काफी जवान सेना में हैं। यहां के कुछ जवान शहीद भी हुए हैं, ऐसे में इस गांव में एक द्वार बनाने की मांग रखी।
**गांव-गांव जाकर किया जा रहा समस्याओं का समाधान : योगेंद्र राणा**

**समस्याओं का समाधान**

**सभी को आश्वासन दिलाया कि जो समस्याएं यहां पूरी नहीं हो सकती हैं, उन्हें मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष वह स्वयं पहुंचाएंगी**

भाजपा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में मंत्री भी जनसंवाद कार्यक्रम कर रहे हैं। इस कड़ी में असंध हल्के के 5 गांवों में जनसंवाद हुआ। इस दौरान राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने स्वयं एक-एक व्यक्ति की बात सुनी और अधिकारियों को समस्या का तत्काल निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंवाद के रूप में हमें बेहतरीन मौका दिया है। इसके माध्यम से कोई भी आमजन अपनी समस्या रख सकता है।
इस मौके पर ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चौहान, नगर पालिका असंध के चेयरमैन सतीश कटारिया, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बृजमोहन टक्कर, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम असंध वीरेंद्र सिंह ढुल, डीएसपी संदीप सिंह, जीएम रोजवेज कुलदीप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, बीडीपीओ नरेश शर्मा, नायब तहसीलदार प्रवीन गुप्ता, पीओआईसीडीएस राजबाला, खेडी शर्फअली के सरपंच लखविंद्र सिंह, सरपंच मोर माजरा राजेंद्र मान, सरपंच गोल्ली मेहरो देवी, सरपंच बांसा पिंकी देवी, सरपंच राहडा ज्योति रानी, सीमा अरडाना, राजीव अरडाना, राजकुमार, अंग्रेज सिंह, कर्मजीत सिंह, हरपाल सिंह, पलविंद्र सिंह, जस्सा सिंह, राजेंद्र, मनोज, सुरेंद्र, रामबीर, पालाराम, बलवान, महेंद्र, उमेश, कर्मचन्द बल्ला, प्रवीन शर्मा, कपिल मलिक, प्रदीप गौतम, ममता देवी, सोनू कुमार, सतबीर व सुभाष सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पंजाबी बिरादरी भवन पर 6 से 7 करोड़ खर्च: कृष्ण लाल



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राजनीतिक रूप** से पंजाबी बाहुल्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले कर्ण की भूमि करनाल को 10 बरस बाद भी पूर्ण रूप से पंजाबी बिरादरी भवन की सौगात नहीं मिल पाई है। सवाल ये है कि 2013 से बन रहा पंजाबी बिरादरी भवन सन 2024 से पहले तैयार हो पाएगा या नहीं। असमंजस इसलिए है क्योंकि पंजाबी बिरादरी भवन के पदाधिकारियों के बहुत जोर लगाने के बाद भी बिरादरी भवन कंपलीट नहीं हुआ है। कुल 17 कमरों में से एक कमरे को छोड़ दिया जाए तो बाकी 16 में कुछ ना कमी जरूर है। छह से सात करोड़ खर्च हो चुके हैं, 50 लाख से अधिक की दरकार है। अब उस कमी को पूरा करने के लिए पंजाबी बिरादरी भवन के महासचिव कृष्ण लाल तनेजा, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता, प्रधान राजेंद्र राजपाल, महेश भाटिया, हरमीत हैप्पी सभी मुख्यमंत्री से मिलकर सहयोग लेने की योजना बना रहे हैं।
पंजाबी बिरादरी भवन की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले महासचिव कृष्ण लाल तनेजा की मानें तो मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पहले भी बिरादरी भवन को 50 लाख का सहयोग किया है और अब 50 लाख रुपए की ओर मांग करेंगे, ताकि ये कंपलीट हो सके। पूर्व की सरकार में मिली पंजाबी बिरादरी भवन की इस जगह पर अब तक 6 से 7 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन अभी इस पर ओर पैसों की दरकार है।
पंजाबी बिरादरी भवन के पदाधिकारियों ने समाज में जोर तो बहुत लगाया लेकिन अब भी पैसों की कमी के कारण ये पंजाबी बिरादरी भवन पूर्णतया कंपलीट नहीं हो पाया है, लेकिन एक बार फिर पंजाबी बिरादरी भवन के महासचिव व व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृष्ण लाल तनेजा को उम्मीद है कि सन 2024 के चुनाव से पहले 17 कमरों वाले पंजाबी बिरादरी भवन की सौगात बिरादरी व अन्य समाज के लोगों को जरूर मिलेगी।
वर्तमान हालात ये हैं कि एक कमरा, एक एसी हाल और लिफ्ट तो पंजाबी बिरादरी भवन में चल रहा है, लेकिन अभी दिल्ली दूर है कि तर्ज पर इसमे बहुत काम होना बाकी है। सीएम से 50 लाख लेने के बाद भी बिरादरी को पहले की तरह समाज से सहयोग लेना पड़ सकता है। पंजाबी बिरादरी भवन के महासचिव कृष्ण लाल तनेजा मानते हैं कि 10 साल पहले शुरू हुआ पंजाबी बिरादरी भवन इसलिए कंपलीट नहीं हुआ क्योंकि ये बहुत बड़ा प्रोजेकट है, इस प्रोजेक्ट में बिरादरी के सभी पदाधिकारी मसलन प्रधान राजेंद्र राजपाल, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता, महेश भाटिया, हरमीत हैप्पी सहित कई समाज के लोगो ने मदद की है।

# श्री गुरुग्रंथ साहेब की बेअदबी नहीं की जाएगी सहन: दादूवाल



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष तथा सिख पंथ के जाने माने पंथ प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने कहा कि देश और प्रदेश श्री गुरुग्रंथ साहेब जी की बेअदबी सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि करनाल में गुरुग्रंथ साहेब जी के बेअदबी के मामले में आरोपियों को यदि 18 सितंबर तक गिरफ्तार नहीं किया तो सिख पंथ सभी के साथ मिल कर आंदोलन तेज कर देगा। उन्होंने श्री गुरुग्रंथ साहेब जी के बेअदबी के मामलों के बढने.पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मयार्दा के हिसाब से गुरुग्रंथ साहेब को प्रतिष्ठित नहीं कर सकते हैं तो उन्हें इनके स्वरूपों को गुरुद्वारों को वापस कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्रंथ साहेब की बेअदबी के मामलों को रोकने के लिए सिख समुदाय द्वारा अभियान चलाया जाएगा। वह करनाल में डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उनके साथ डेरा कारसेवा के प्रमुख तथा पंथ प्रचारक जत्थेदार सुक्खा सिंह, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व महासचिव गुरविंदर सिंह धमीजा, गरुद्वारा डेरा कारसेवा प्रबंधन समिति के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह, कंवल जीत सिंह अजराना, गुलाब सिंह मूनक, गुरुपाल सिंह डोनी, जसविंदर सिंह बिल्ला, जसविंदर सिंह बेदी, सिमरन सिंह ने भी जानकारियां दीं।
दादूवाल ने कहा कि करनाल में श्री गुरुनानक शेखपुरा खालसा सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रबंधन समिति के पूर्व महासचिव एसएस भल्ला पर स्कूल के कर्मचारी की पत्नी द्वारा छेड़छाड़ के आरोप की जांच की जा रही है। इस मामले में आरोपी को कड़ी सजा मिलना चाहिए। इस मामले को सुक्खा सिंह तथा स. इंद्रपाल सिंह देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाए। कहा कि एचएसजीपीसी की कमेटी के पूर्व प्रधान कर्मजीत सिंह को लेकर हुए विवाद को गलत बताया तथा कहा कि वह शुरू से ही कर्मजीत सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने के खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि इससे कमेटी की छवि को नुक्सान पहुंचा हैं। उन्होंने कहा कि नए अध्यक्ष को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एचएसजीपीसी के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं।

# पंच प्रण के संकल्प के साथ पवित्र भाव से जुड़ रहे लोग: रेनू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल जिला** में मेरी माटी मेरा देश अभियान पूरे जोर-शोर से चल रहा है और गांव-गांव जाकर माटी को नमन व वीरों का वंदन करने का कार्य निरंतर जारी है। पंच प्रण के संकल्प के साथ लोग बहुत पवित्र भाव से अपनी भावनाएं इस अभियान के साथ जोड़ रहे हैं। कोई तुलसी की जड़ की मिट्टी दे रहा, तो कोई केले की जड़ से, कोई अपने देवालय से, कोई शिवालय से, कोई रसोई की मिट्टी दे रहा है। सच में गांव के लोगों के अंदर देश प्रेम की भावनाएं बहुत प्रबल है।
शनिवार को अभियान के तहत विभिन्न गांवों में नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स ने अभियान को गति प्रदान करते हुए घर-घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्रित की और आमजन को अभियान के बारे में जागरूक किया। इस दौरान फैजिलपूर, राजेपूर, गढ़ी जटान, तारापूर व बदरपूर सहित कई अन्य गांवों में अभियान चलाकर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। यह जानकारी जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने दी।
जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग ने कहा कि हमारी मिट्टी शहीदों और वीरों की गाथाओं से भरी हुई है। न जाने कितने ही वीरों ने बिना किसी स्वार्थ के इसके लिए अपने प्राणों की आहूति दी है। इन्हीं वीर-शहीदों की शौर्य गाथा को याद करते हुए यह अभियान चलाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में यह अभियान नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स के माध्यम से चलाया जा रहा है। गांव के लोगों में भी अभियान को लेकर काफी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के अभियान से बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है और उन्हें वीर शहीदों के बलिदान बारे पता चलता है। गांव के पूर्व सैनिक व सैनिक परिवार भी अभियान में बढ-चढकर सहयोग कर रहे है।

# मध्यस्थता केंद्र को घर-घर तक पहुंचाने के लिए वर्कशॉप का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी** एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सुश्री जसबीर कौर के आदेशानुसार सभी पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वालंटियर्स, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के लिए शनिवार को एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का मकसद सभी पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को आम जनों के बीच में जाकर मुफ्त कानूनी सहायता व मध्यस्थता केंद्र कैसे कार्य करता है और मुफ्त कानूनी सहायता किस किस को मिल सकती है, उसके बारे में विस्तारपूर्वक बताएंगे और अगर कोई बाढ़ पीड़ित व्यक्ति मिलता है, तो उसकी समस्या के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किस प्रकार से व्यापक सहायता कर सकता है।
काउंसलिंग के माध्यम से या मुफ्त कानूनी सहायता के माध्यम से इस बारे में बताना था साथ ही साथ जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और पोक्सो एक्ट के बारे में सभी अधिवक्ताओं और पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को बताया गया साथ ही साथ पोक्सो एक्ट की बुकलेट भी महिला एवं बाल कल्याण केंद्र करनाल के द्वारा प्रदान की गई ताकि वह जहां भी जाए तो वहां पर बच्चों को और उनके मां-बाप को विस्तार पूर्वक पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाए उसका आम जनों में जाकर व्यापक प्रचार करें ताकि वह उस लीगल सर्विस कैंप में आकर सरकारी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर सके। 1987 के प्रावधान के तहत उन्हें मुकदमा न्यायालय में कोई मुकदमा लंबित है या किसी बैंक में प्रि लिटिगेटेड स्टेज पर है तो वह व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता लेकर जिसमें उसे वकील की सेवाएं प्रदान की जाती हैं ताकि वह वकील उसके संबंधित मामले को उच्च न्यायालय में या अभिकरण में सुनिश्चित ढंग से पेश कर सके । मुफ्त कानूनी सहायता अनुसूचित जाति अथवा जनजाति के सदस्य, स्त्रियों अथवा बच्चे, वरिष्ठ नागरिक, औद्योगिक कामगार, एचआईवी पॉजिटिव ग्रसित व्यक्ति, किन्नर समुदाय से संबंधित व्यक्ति, दंगा पीड़ित और उनके परिवार वाले, स्वतंत्रता सेनानी अथवा आश्रित, किशोर अपराधी अर्थात 18 वर्ष तक आयु के व्यक्ति को सम्मिलित करते हुए परीक्षण आधीन व्यक्ति जो हिरासत में सुरक्षा ग्रह अथवा मानसिक अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति या वह व्यक्ति जिसकी आय वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है या मनुष्य का अवैध व्यापार किए जाने से आहत व्यक्ति , इत्यादि को मुफ्त कानूनी सहायता मिल सकती है।

## न्यूज फ्लैश

### पिता की तलाश में दर दर भटक रहे बहन भाई

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना वृंदावन कोतवाली की अंतर्गत मथुरा गेट चौकी का एक मामला सामने आया है। जिसमें बहन भाई अपने पिता को तलाश में इधर से उधर घूम रहे है और साथ ही पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगा रहे है लेकिन इसके बावजूद भी उनके पिता का कोई सुराग नहीं लग रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मथुरा गेट चौकी क्षेत्र के सर्राफ बाजार के राया गली निवासी गिरधारी अग्रवाल 19 अगस्त को घर से बिना बताए निकल गए। जिसके बाद उनकी बेटी साक्षी अग्रवाल और बेटा गौरव अग्रवाल पिता की तलाश में चौकी थाने और एसएसपी ऑफिस में गुहार लगा चुके है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी होते हुए गिरधारी अग्रवाल की बेटी साक्षी अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता गिरधारी अग्रवाल दिल के मरीज थे। कुछ दिनों पहले ही उनका ऑपरेशन हुआ था। 19 अगस्त को ही उनका ऑपरेशन करा कर उन्हें घर लेकर आए थे। वह और बिना बताए कहीं निकल गए। उन्होंने 22 अगस्त को मथुरा गेट चौकी में इसकी सूचना दी। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर ली गई, लेकिन उस रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने मथुरा एसएसपी ऑफिस पहुंच कर के एसएसपी से भी इसकी गुहार लगाई, लेकिन एसएसपी से उनकी मुलाकात नही हुई।

### घर से खेत के लिए गया युवक का नहीं लगा सुराग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैंत क्षेत्र के गांव चौमुहां से घर से खेत के लिए गया युवक लापता हो गया। परिजनों ने युवक की काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। थाना जैंत क्षेत्र के गांव चौमुहां के थोक जुझार निवासी भोला (28 वर्षीय) पुत्र हक्को 23 अगस्त को घर से खेत पर जाने की कहकर गया था। जब शाम तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। मगर कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने थाना जैंत पर युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की खोजबीन की जा रही है।

### अध्यापिका ने प्रधानाचार्य सहित छह पर लगाये शोषण के गंभीर आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**-राया क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान से जुड़ा है मामला**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सहायक अध्यापिका ने अपने कॉलेज के ही प्रधानाचार्य सहित छह लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाये हैं। सहायक अध्यापिका की लिखित शिकायत पर थाना राया पर प्रधानाध्यापक सहित समस्त आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला राया क्षेत्र की एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था से जुड़ा हुआ है। संस्था का इतिहास गौरवशाली रहा है। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। राया के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात पीड़िता ने कॉलेज प्रधानाचार्य, प्रबंधक आधा दर्जन लोगों के खिलाफ आर्थिक शोषण, शारीरिक सम्बन्ध बनाने और दो माह के भ्रूण की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना राया में मुकदमा दर्ज कराया है। सहायक अध्यापिका की तैनाती 14 दिसंबर 2021 में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापिका के पद पर हुई थी।

तहरीर में सहायक अध्यापिका द्वारा कालेज प्रधानाचार्य सहित छह लोगों पर आर्थिक व शारीरिक शोषण करने, कालेज में नौकरी करने देने के लिए शारीरिक सम्बन्ध बनाने, एससी एसटी एक्ट में फंसाने, नौकरी ज्वाइनिंग के समय 50 हजार रुपये लेने तथा प्रबंधन कक्ष में इन लोगों द्वारा धक्का मुक्की करने के दौरान अध्यापिका के पेट में पल रहे दो माह के भ्रूण गिर जाने के आरोप लगाते हुए कालेज प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह, सहायक अध्यापक अनिल कुलश्रेष्ठ, प्रधान लिपिक सौमित्र कुमार उपाध्याय, प्रबन्धक अरविंद शर्मा, विजय कुमार, प्रवक्ता राहुल शर्मा व्यायाम शिक्षक राष्ट्रीय इंटर कालेज के खिलाफ संगीन धाराओं में थाना राया में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में कालेज प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में शिक्षिका द्वारा क्लास में एक छात्रा के बाल काट देने के मामले में परिजनों द्वारा हंगामा करने पर कालेज प्रबंध समिति द्वारा आरोपी शिक्षिका को दो माह के लिये निलंबित कर दिया गया था। जिससे कुपित होकर हीनभावना से शिक्षिका ने प्रधानाचार्य प्रबन्धक सहित छह लोगों के खिलाफ षड़यंत्र के तहत फर्जी आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने प्रसाशन से उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है।

# शहर से देहात तक खाद्य सुरक्षा विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी

**-शनिवार को पनीर प्लांट पर मारा छापा**
**-शुक्रवार को घी के प्लांट पर हुई थी बड़ी कार्यवाही**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन में है। खाद्य प्रतिष्ठानों और कारखानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। इससे अवैध मिलावट और अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। लगातार दो दिन में विभाग ने कई बड़ी कार्यवाही की हैं। शनिवार को पनीर प्लांट पर छापा मारा जबकि शुक्रवार को घी के कारखाने पर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया था। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक आयुक्त डॉ गौरी शंकर के निर्देशन में कोसीकला क्षेत्र के गोपाल बाग स्थित पनीर प्लांटो कार्रवाई की गई। टीम द्वारा गोपाल बाग स्थित प्रधान डेयरी का सघन निरीक्षण कर पनीर तथा रखे हुए अपमिश्रक पाम आयल का सैंपल संग्रहित कर संबंधित डेरी को नोटिस भी जारी किया जा रहा है। टीम द्वारा कल्लू डेयरी तथा श्याम डेयरी का निरीक्षण कर दूध का एक-एक नमूना संग्रहित किया डेयरी प्लांट पर मानक अनुसार लाइसेंस प्राप्त न होने के कारण संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। उसके बाद टीम कोसीकला क्षेत्र के पैगाम पहुंची जहां धर्म डेरी तथा कलुआ डेयरी का सघन निरीक्षण कर मिलावट का संदेह होने पर दूध का एक एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया है धर्म डेयरी के संचालक को मानक अनुसार लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी डेयरी संचालकों को हिदायत दी गई है कि वह दुग्ध पदार्थ का निर्माण स्वच्छ वातावरण में ही करें अन्यथा उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए जाएंगे। सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कार्रवाई के दौरान टीम में एसपी तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा तथा देवराज सिंह गजराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं ताराचंद धारियां खाद्य सहायक उपस्थित रहे।

## अभियंताओं ने रक्तदान कर आर.के. दत्ता को किया याद

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
अभियंता आर. के. दत्ता की पुण्यतिथि पर उ.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के बैनर तले रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शनिवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया, ट्रांजिट हॉस्टल, सिचाई विभाग में आयोजित किए गये रक्तदान शिविर में काफी संख्या में इंजीनियर्स ने हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में पूरे लखनऊ मंडल के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस शिविर में 300 यूनिट रक्तदान किया गया।
अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने कहा कि आर. के. दत्ता का पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित था। वह हर किसी की सहायता करने के लिए सबसे पहले आगे आते थे। उनकी पूण्यतिथि पर यह रक्तदान उन्हें याद करने का सबसे अच्छा तरीका है। इस शिविर में सहायक अभियंता बी.के.पाण्डेय, चांदनी सेठ सहित सैकड़ों अभियंता रक्तदान करने पहुंचे थे। इसके अलावा कि अधिशासी अभियंता विद्युत यॉत्रिक इं. आदित्य कुमार ने रक्तदान कर जूनियर इंजीनियर्स का मनोबल बढ़ाया।
संघ के अध्यक्ष इं. राजर्षि त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर इंजीनियर्स की भीड़ उमड़ पड़ी। सैकड़ों लोगों ने अपना खून निकालने के लिए खून चेक कराया। इस दौरान 300 यूनिट रक्तदान किया गया। इसमें काफी उत्साह रहा। लखनऊ मण्डल सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि लखनऊ सहित सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, उन्नाव, बाराबंकी के डिप्लोमा इंजीनियर्स लखनऊ में रक्तदान हुआ।

## पराली जलाने से रोकने के लिए टीमों का गठन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
धान की कटाई का सीजन अभी शुरू होगा। प्रशासन ने पराली प्रबंधन पर कवायद षुरू कर दी है। उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर ने अवगत कराया है कि फसलों के अवशेष जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके क्रम में पराली को जलाये जाने से रोकने के लिए जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड स्तर सचल दस्ता, समिति गठित की गयी है। राजस्व गांव एवं न्याय पंचायत स्तर पर क्षेत्रीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम के अन्तर्गत खेत में फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है। पर्यावरण क्षतिपूर्ति के लिए दण्ड के प्राविधान हैं। जिसमें दो एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 2500 रुपए प्रति घटना।
दो से पांच एकड़ के लिए 5000 रुपये प्रति घटना, पांच एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 15000 रुपये प्रति घटना निर्धारित हैं। अपराध की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित के विरुद्ध अर्थदण्ड इत्यादि की कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जाने वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर रट्रा मैनेजमेंट सिस्टम तथा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर अथवा अन्य कोई फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रा रीपर अथवा स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन यन्त्रों के बगैर चलते हुई पायी जाये तो उसको तल्काल सीज करते हुए कम्बाइन मालिक के स्वंय के खर्चे पर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाये। किसान किसी भी फसल के अवशेष को खेती में न जलाएं बल्कि मृदा में कार्बनिक पदार्थों की वृद्धि के लिए पादप अवशेषों को मृदा में मिलाएं।

## अजवार पोखर को अमृत सरोवर के रूप में किया जा रहा विकसित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा नौहझील के मुक्खा मरहला रोड़ स्थित अजवार पोखर का कायाकल्प होगा। पोखर से गंदगी साफ कर गहरी खुदाई की जा रही है। जिसके ऊपर दो परतों में मेंड़ बनाकर ऊपर एक लगभग छह फुट चौड़ा टहलने के लिए इंटरलाकिंग पथ बनाया जाएगा। वहीं लोगों के बैठने के लिए बेंच व लाइटें लगाई जाएंगी। वहीं कुछ जगह पर पार्क नुमा बनाया जायेगा जिसमें जिम के संधाधान लोगों के लिए लगाये जायेंगे। यहां से होकर गुजरने वाली सड़क भी कई गांवों को जोड़ती है इसे भी बनाया जाएगा। अजवार पोखर में गंदगी से बदबू होने के कारण यहां के निवासी नरकीय जीवन बिताने को मजबूर थे। यहां पिछले करीब तीस वर्षों से इसकी साफ सफाई नहीं हो सकी थी।

## इंडियन स्वच्छता लगी में सहयोगी बने स्कूली बच्चे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त अनुनय झा के निर्देशन में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत शनिवार को आनंद वाटिका वृन्दावन में नगर निगम के अधिकारियों के सहयोग से निगम की आई. ई.सी टीम पूर्ण प्रोजेक्ट के द्वारा क्लीन अप ड्राइव का आयोजन किया गया एवं जागरूकता के लिए स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें लॉर्ड कृष्णा स्कूल, पैराडाइज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।
इस रैली में वहां के जन समुदाय ने बढ़ चढ़ कर कर हिस्सा लिया और क्षेत्र में जगह जगह पर फैले हुए कूड़े को हटाया। साथ ही वहां के दुकानदारों तथा जनसमुदाय से निवेदन किया गया की अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर निगम का पूरा सहयोग प्रदान करे।



**फोटो परिचय-**
इंडियन स्वच्छता लगी के तहत रैली निकालते स्कूली बच्चे।

# जिले की पहली इंट्रीगेटेड पब्लिक हेल्थ लैब का लोकार्पण

**लोकार्पण**

**20 बेड के अतिरिक्त वार्ड का लोकार्पण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलदेव पर विधायक पूरन प्रकाश ने किया**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय योजना के अंतर्गत 20 बेड के अतिरिक्त वार्ड का लोकार्पण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलदेव पर विधायक पूरन प्रकाश ने किया। इस दौरान मुख्य चिकत्सा अधिकारी अजय कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि मथुरा जनपद की पहली इंट्रीगेटेड पब्लिक हेल्थ लैब से क्षेत्र के मरीजों को बहुत बड़ा लाभ होगा। अब हाई तकनीकी मशीनों के द्वारा मरीजों के सभी तरह की जांच मुख्य रूप से लीवर किडनी आदि की जांच सीएचसी बलदेव पर ही सकेगीद्य इसके साथ ही 20 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था होने से कुल मिलाकर 70 बेड की व्यवस्था सीएचसी बलदेव पर उपलब्ध हो गई है जिससे अब मरीजों को बाहर रेफर नहीं किया जाएगाद्य मरीजों को हाई तकनीकी मशीनों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करके भर्ती किया जा सकेगा और उचित इलाज अब सीएचसी बलदेव पर मिलेगा।
इस अवसर पर सीएचसी प्रभारी डॉ. पीयूष सोनी, चीफ फार्मासिस्ट जितेंद्र सारस्वत, राजेश लवानिया, बलदेव प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्यागी, एडीओ पंचायत सुभाष सिंह, ग्राम सचिव यतीन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सडक हादसे में चार की मौत, दो की हालत गंभीर

**-दिल्ली आगरा हाईवे पर जैंत क्षेत्र में हुआ भीषण सड़क हादसा**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए मथुरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। सडक हादसा दिल्ली आगरा हाइवे पर रात को करीब दो बजे जैंत क्षेत्र में हाइवे किनारे स्थित चौधरी ढाबा के पास हुआ। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखचे उड़ गए। कार सवार 5 दोस्त अलीगढ़ से कोकिलावन शनिदेव के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। कार सवार अलीगढ़ जिले के थाना बन्ना देवी के गांव सारसुल निवासी निविध बंसल पुत्र अरुण बंसल, आलोक दयाल पुत्र सुनील दयाल व आकाश की मौत हो गई। वहीं घटना में घायल ट्रक चालक बिहार के छपरा थाना आमनौर गांव सोनोह निवासी अजीत कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। कार सवार कमल व विशाल निवासी इगलास का मथुरा निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जैंत के अंतर्गत हाईवे स्थित चौधरी ढाबा के सामने सड़क पार कर खाना खाने जा रहे ट्रक चालक को कार ने टक्कर मार दी। जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर आगे खड़े ट्रक में जा घुसी। घटना के बाद जिस ट्रक में कार घुसी थी उसका चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया। मौके पर ही कार सवार पांच लोगों में से तीन लोगों की मौत सहित दो लोग घायल हो गए। कार की टक्कर लगने के बाद ट्रक चालक उछट कर दूर जा गिरा। ट्रक चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## जान से मारने के प्रयास का आरोप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव कंचनपुर में नामजद ने झगड़े के दौरान कार चड़ाकर जान से मारने का प्रयास किया। घटना का मुकदमा थाना गोवर्धन में दर्ज कराया है। कंचनपुर के रहने वाले अधिवक्ता योगेंद्र सिंह का आरोप है कि वे मंगलवार को अपने गांव आ रहे थे तो गांव के ही राजपाल ने अपनी कार को रास्ते में खड़ा कर रखा था। कार हटाने की कहने पर गालियां देने लगा।
मेरे चाचा हरिश्चंद ने गाली देने से मना किया तो राजपाल के बेटे रोहित और राकेश ने अपने पापा से गाड़ी चड़ाकार जान से मारने की बात कही। राजपाल ने हरिश्चंद्र पर गाड़ी चड़ा दी। जिससे हरिश्चंद्र के मुंह सर पर चोटें आई और जीभ कट गई। योगेंद्र सिंह ने घटनाक्रम की तहरीर थाना गोवर्धन में दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## लोक निर्माण विभाग के कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरी बाईपास कट को लेकर करीब एक महीने से चल रहा किसानों का आंदोलन गांव से शहर तक पहुंच गया। बलदेव क्षेत्र के गांव सराय मगना के पास चल रहे आंदोलन के समर्थन में शनिवार को जिला मुख्यालय पर किसान संगठन के कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंप कर अपने साथियों का समर्थन किया और समस्या के समाधान की मांग की। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने महानगर के कृष्णापुरी स्थित लोग निर्माण विभाग के कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया। विभागीय अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर स्थानीय थाने का पुलिस फोर्स भी पहुंच गया। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यालय के गेट पर अपनी मांगों को पूरा किए जाने संबंध ज्ञापन सौंपा। आगरा उत्तरी बाईपास सराय मगना बलदेव मथुरा पर किसान अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि आगरा उत्तरी बाईपास पर किसानों के उतराव चढ़ाव के लिए सराय मगना बलदेव पर कट दिया जाये। इस दौरान महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष राजवीर, विनोद निषाद, राकेश चौधरी, मौनू गौतम, डॉ. विजयपाल चौधरी, सूरज निषाद, परसोत्तम निषाद, सुनील चौधरी, फैजान कुरैशी, उदय भान जाटव आदि मौजूद थे।



**फोटो**- लोग निर्माण विभाग के कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

# बिजली के बकायेदारों को थमाए जा रहे लाल नोटिस

**वसूली अभियान**

**- विभाग ने इसके लिए घर घर दस्तक अभियान चला रखा है। 30 सितंबर तक यह अभियान चलेगा।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
विद्युत विभाग ने बकायेदारों से वसूली के अभियान को तेज कर दिया है। विभाग ने इसके लिए घर घर दस्तक अभियान चला रखा है। 30 सितंबर तक यह अभियान चलेगा। इस अभियान के तहत मीटर रीडर के साथ विद्युत विभाग का कर्मचारी भी मौजूद रहेगा। इस अभियान के तहत ऐसे उपभोक्ताओं तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है जो नियमित बिल तो जमा कर रहे हैं लेकिन मीटर रीडर के साथ मिल कर विद्युत विभाग को धोखा दे रहे हैं।
मीटर में स्टोर रीडिंग का पता लगाया जा रहा है। वहीं जिन उपभोक्ताओं का भार अधिक है उनके मीटर बदलवाये जा रहे हैं और अधिक भार के मीटर लगाये जा रहे हैं। वहीं विभाग लगातार बकायेदारों पर शिकंजा कस रहा है। 50 हजार से अधिक के बकायेदारों को लाल नोटिस थमाए जा रहे हैं।
शहरी क्षेत्र में 50 हजार से अधिक के बकायेदारों के घरों पर नोटिस चस्पा किए जा रहे हैं। ऐसे 500 बकायेदारों के घर पर नोटिस चस्पा किए गये हैं, जिनके उपर बिजली विभाग का 50 हजार से अधिक का बकाया चल रहा है। एसई षहर मनोज कुमार शाम को पूरे दिन की कार्यवाही की समीक्षा कर रहे हैं। अधीनस्थों को निर्देशित किया गया है कि वह कार्य में तेजी लाएं। विभागीय उच्चाधिकारी लगातार अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।
विभाग का यही उद्देश्य है कि किसी भी कीमत पर लाइन लॉस को कम किया जाए और बकायेदारों से वसूली सुनिश्चित की जाए। शहर से गांव तक विद्युत विभाग के कर्मचारी अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। हालांकि इस अभियान से बकायेदारों की धडकन बढ गई हैं।
एक लाख 20 से अधिक उपभोक्ताओं ने कभी बिल जमा नहीं किया
जनपद में ऐसे बिजली उपभोक्ताओं की संख्या एक लाख से अधिक है जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद कभी बिल ही जमा नहीं किया है। विभाग भी ऐसे उपभोक्ताओं से वसूली नहीं कर पा रहे हैं। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार की है जिसमें एक लाख 20 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं जिन्होंने कनेक्शन लेने के बाद कभी बिल जमा नहीं किया है।
गांव के गांव गोल, नहीं भरते बिल
वहीं ऐसे गांवों की संख्या भी अच्छी खासी है जो बिल नहीं भरने के लिए विभाग में कुख्यात हैं। इनमें से अधिकांश गांव वह हैं जो किसी बड़े नेता या जनप्रतिनिधि के प्रभाव वाले हैं। अधिकारियों का कहना है कि विभाग इन गांवों की बिजली काटता है तो दबाव बनने लगता है।
वहीं पांच से 10 प्रतिषत उपभोक्ता बिल जमा कर रहे हैं वह सप्लाई की मांग करते हैं।

# केशव प्रसाद मौर्य और अजय राय ने लगाये आरोप-प्रत्यारोप

**आक्रोश**

**दोनों नेताओं के एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप से उनके समर्थकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।**

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के वाराणसी दौरे के दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को नया मुल्ला कहे जाने पर अजय राय ने पलटवार करते हुए केशव प्रसाद मौर्य को जनपद को सम्भालने की सलाह दी। दोनों नेताओं के एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप से उनके समर्थकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपने बयान का एक वीडियो जारी किया। अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या से कहना चाहूंगा कि आप जिस तरह की भाषा का उपयोग कर रहे हैं, वह आपके पद को शोभा नहीं देता। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके जनपद में तीन हत्यायें हुई हैं, उपमुख्यमंत्री उस पर ध्यान दें।
अजय राय ने कहा कि हमसे बड़ा धार्मिक कोई नहीं है। जब साधु संतों पर लाठियां चली थीं, उस वक्त हम लोगों ने प्रतिरोध किया था।
इस पर हम लोगों पर कार्रवाई भी हुई थी। सनातनी हैं, बाबा विश्वनाथ के भक्त हैं।
इससे पहले उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के लिए अच्छे शब्द उपयोग नहीं करने वाले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभी नए ह्लमुल्लाह्न की तरह हैं, प्याज ज्यादा खा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की पहले क्या छवि रही है, यह बात सभी जानते भी हैं।

# शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने सुनी जन समस्याएं

## अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिये

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा के** शिक्षा, वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने पूरे प्रदेश में बिना किसी भेद भाव के एक समान विकास के कार्य करवाये है।

वे आज गांव रायवाली, धनाना में आयोजित किए गए जनसंवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को सम्बोंधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिये।

उन्होंने कहा कि पोर्टल से लोगों के कार्य आसानी से हो रहे है। सीएम विंडो के माध्यम से लोग अपनी समस्या सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकते है। सीएम विंडो के माध्यम से प्रदेश में लगभग 9 लाख शिकायतों का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सिस्टम को ठीक किया गया है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन परिवारों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम है उनकी आय बढ़ाने के लिए अब स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जायेगा ताकि वे भी आगे बढ़ते हुए मुख्य धारा में जुड़ सकें। प्रदेश में ऐसे 7 लाख परिवार है और इनमें से इस बार 2 लाख परिवारों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में लगभग 12 लाख बीपीएल कार्ड थे, जबकि वर्तमान सरकार में 39 लाख बीपीएल कार्ड बने है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में जहां सरकारी विभाग में ट्रांसफर भी एक व्यवसाय बना हुआ था, उसे हटाते हुए ऑनलाइन ट्रांसफर की पॉलिसी लाई गई जिससे प्रदेश में पारदर्शी शासन को बढ़ावा मिला है।

**समाधान**

**मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने पूरे प्रदेश में बिना किसी भेद भाव के एक समान विकास के कार्य करवाये है**

वन एवं पर्यावरण मंत्री कंवर पाल ने एक शिकायत पर तहलील नारायणगढ़ के टीआरए तहसील रेवन्यू अकाउंट आदेश राणा को सस्पेंड करने के आदेश दिए और रजिस्ट्री से सम्बंधित एक शिकायत पर नायब तहसीलदार के विरुद्ध जांच के आदेश दिए। पेड़ काटने से सम्बंधित की गई एक शिकायत पर बीडीपीओ शहजादपुर के विरुद्ध जांच के आदेश एसडीएम को दिए। सरकारी स्कूल रायवाली की छात्रा आंचल के जिला में दूसरा स्थान 97 प्रतिशत अंक लेकर प्राप्त करने पर शिक्षा मंत्री ने उसे शॉल ओढ़ाकर व अपनी ओर से 1100 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया।

## न्यूज फ्लैश

### बाढ़ से खराब धान की दोबारा बिजाई करने वालों को सरकार देगी 7000 प्रति एकड़ मुआवजा: सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि सरकार ने किसानों को बड़ी राहत प्रदान की है, इसके तहत जुलाई 2023 के दौरान भारी बारिश व बाढ़ के कारण धान की दोबारा बिजाई करने वाले किसानों को राज्य सरकार 7000 रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देगी। बारिश व बाढ़ तथा दंगों में संपत्ति, पशुधन या मानव हानि के नुकसान की भरपाई हेतु सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर लॉन्च किया। नुकसान का ब्यौरा के लिए लोगों से आवेदन मांगे गए हैं। राजस्व विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा सत्यापन होने के बाद निर्धारित मानदंडों के अनुसार डी.बी.टी. के माध्यम से मुआवजे का भुगतान किया जाएगा। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना भी चला रखी है, जिसके तहत धान के स्थान पर अन्य फसलें उगाने वाले किसानों को 7000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसलिए बारिश व बाढ़ के कारण जिन किसानों की धान की फसल प्रभावित हुई है और उन्होंने धान के स्थान पर दोबारा किसी अन्य फसल की बिजाई की है, उन्हें इस योजना के तहत राशि दी जाएगी। सरकार ने मेरा पानी-मेरी विरासत योजना के तहत किसानों से अपील की है कि वे धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती करें, ताकि जल संरक्षण हो सके। यह योजना स्वैच्छिक है और सरकार ने हर साल 1 लाख एकड़ क्षेत्र का लक्ष्य रखा हुआ है।

### डीएलएसए ने आंगनबाड़ी वर्करों को दी मध्यस्थता स्कीम की जानकारी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा एडीआर सेंटर में मेडीएशन प्रक्रिया पर एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसके तहत पैनल अधिवक्ता प्रदीप पतवा ने वैकल्पिक विवाद समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव नितिन राज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा केस मध्यस्थता प्रणाली द्वारा सुलझाने का प्रयास करें। इस कैंप में आंगनबाड़ी वर्कर ने भाग लिया।

### इनेलो की कैथल रैली के बाद सरकार की उलटी गिनती शुरू : राव होशियार सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद**
**नांगल चौधरी** । इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष राव होशियार सिंह ने कहा है की इनेलो प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला की परिवर्तन पद यात्रा से हरियाणा में राजनीतिक समीकरण इनेलो के पक्ष में हो गए है जिसका नजारा पूर्व उप-प्रधानमंत्री स्वः चौधरी देवीलाल के सम्मान दिवस पर कैथल रैली में 25 सितम्बर को देखने को मिलेगा और रैली के बाद सरकार की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। राव होशियार सिंह ने आज जनसम्पर्क कर रैली के लिए नांगल चौधरी हलके के गांव तोताहेडी, अकबरपुर, भुंगारका, भोजावास, सिरोही बहाली , मोहनपुर, नांगल चौधरी, कालबा, दताल, न्योलायजा, बनिहाड़ी, बुढ़वाल, आदि गावों में रैली का न्योता देते हुए ग्रामीणों से कहा की गठबंधन सरकार के जनविरोधी फैसलों से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। देश में हरियाणा बेरोजगारी में नंबर एक पर पहुंच गया है महंगाई अपने चरम सीमा पर पहुंच गयी है । पेट्रोल डीजल के भाव कम नहीं हो रहे कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चूका है। नुक्कड़ सभाओ में उन्होंने कहा की 1987 में चौधरी देवीलाल ने उम्र को आधार मान कर 100 रुपए से बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी जो अब 2750 रुपए है ये जन विरोधी सरकार आय को आधार मान कर बुजुर्गो की पेंशन काटने का काम कर रही है। इनेलो सरकार बनते ही 60 वर्ष उम्र को आधार मान कर 7500 रुपये बुढ़ापा पेंशन दी जाएगी और परिवार पहचान पत्र को खत्म कर एक राशन कार्ड होगा। उन्होंने लोगो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में कैथल रैली में पहुंचने का आहवान किया। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लों ने बताया की इस अवसर पर उनके साथ लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य सतबीर सिंह बडेसरा, राज्य कार्यकारिणी के सदस्य छोटेलाल गहली, नांगल चौधरी हल्का प्रधान सतपाल छिलरो, घीसाराम समेत अनेक इनेलो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथ थे।

## रिटायर रोडवेज पर्सन 22 को अंबाला कमिश्नरी पर देंगे धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** वेल्फेयर सोसाइटी हरियाणा रोडवेज रिटायर पर्सन की वरिष्ठ सदस्यो की बैठक गुरुचरण सिंह प्रधान जी की अध्यक्षता में हुई बैठक की शुरुआत में पवन सामभली ने 5 सितम्बर को अम्बाला मे हुई बैठक की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई बैठक मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की रोडवेज के रिटायर कर्मचारी भी 22 सितम्बर को मण्डल कार्यालय पर होने वाले धरना मे भाग लेंगे बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया की संगठन का वार्षिक सम्मेलन दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को अम्बाला शहर बस स्टैंड पर होगा। बैठक मे हरियाणा सराकार द्वारा रिटायर कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीन रवैया की निंदा करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में आगामी 22 सितंबर 2023 को धरना देने का निर्णय लिया गया रिटायर कर्मचारियों की मांगों में कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू करना, 60,65,75, की आयु होने पर 5%के हिसाब से पेंशन में बढ़ोतरी करना तथा मेडिकल भाता 3000/- प्रति माह करना शामिल हैं की मांग की गई।

## वैश्य संकल्प रैली वैश्य समाज की राजनीति को नई दिशा देगी

### वैश्य संकल्प रैली वैश्य समाज की राजनीति को नई दिशा देगी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर हरियाणा** प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जींद में होने वाली वैश्य संकल्प रैली वैश्य समाज की राजनीति को नई दिशा देगी और प्रदेश के हर कौने से लोग उत्साह और उमंग के साथ पहुंचेंगे।

स्थानीय मंडी में वैश्य समाज के नागरिकों को सम्बोधित करते हुए राजीव जैन ने बताया कि वैश्य समाज की अगली पीढ़ी के भविष्य को संवारना है तो संगठित होना पड़ेगा और यह रैली साबित करेगी कि वैश्य समाज में कितना दमखम है। उल्लेखनीय है कि एक अक्टूबर को जींद के अर्जुन स्टेडियम में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जयंती की पूर्व संध्या पर वैश्य समाज के सभी संगठन मिलकर रैली का आयोजन कर रहे हैं।

**संकल्प रैली**

**राजीव जैन ने कहा कि जींद में होने वाली वैश्य संकल्प रैली वैश्य समाज की राजनीति को नई दिशा देगी**

उन्होंने आगे बताया कि रैली का निमंत्रण देने के लिए पंचकूला से 15 सितंबर को शुरू होने वाली वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का 18 सितंबर को गन्नौर में प्रवेश होगा, जिसके लिए स्वागत की तैयारी जोरदार ढंग से करनी है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के सन्देश को लेकर पंहुचने वाली इस यात्रा में एक रुपया एक ईंट के सिद्धांत का संदेश देने वाला रथ तथा 18 गोत्रों के आधार पर मोटर साइकिल का जत्था शामिल होगा।

बैठक में सतीश जैन, संदीप सिंघल, नरेश मित्तल, मुन्नी नम्बरदार, शेखर जैन, सुरेश गोयल, पवन जिंदल, प्रेम चंद गोयल, पवन, गौरव जैन, वरुण जैन, सत्यनारायण गुप्ता आदि वैश्य बंधु उपस्थित रहे।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व पर पंजाबी गुरुद्वारा में सजे दीवान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) धन धन** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश दिवस के संबंध में 28 वां पांच दिवसीय समागम के चौथे दिन पंजाबी गुरुद्वारा में रात्रि 7 :30 बजे से लेकर 8 :30 बजे तक भाई अर्शदीप सिंह ने कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया 8 :30 बजे से लेकर 9 :30 बजे तक भाई सवरन सिंह जगाधरी वालों ने कीर्तन द्वारा संगतों को निहाल किया । समाप्ति पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान बीएस बिंद्रा ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रमणीक सिंह मांन एग्जीक्यूटिव मेंबर विनर सिंह और रागी सिंहो को सिरोंपा देकर सम्मानित किया समाप्ति के उपरांत गुरु का लंगर अटूट बांटा गया।



हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के जनरल सेक्रेटरी रमणीक सिंह मांन, विनर सिंह मेंबर ,सुदर्शन सिंह सहगल पंजाबी गुरुद्वारा के महासचिव हरविंदर सिंह नीटू, सचिव अमरप्रीत सिंह राजू, कैशियर कुलवंत सिंह, स्टोर इंचार्ज राजेंद्र सिंह राजा, जथेदार गुरमीत सिंह कालडां, अमरजीत सिंह,हरसिमरन सिंह, नविंदर सिंह जसवंत सिंह भाटिया, दारा सिंह, गुरप्रीत सिंह भल्ला ,सरबजीत सिंह ,नरेश सिंह गुरप्रीत सिंह , हरजीत सिंह, शामिल रहे।

## अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता 23 से 28 तक उदयपुर राजस्थान में

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल** । अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता 2023-24 के लिए पंचकूला सेक्टर-3 के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित चयन प्रतियोगिता के लिए ट्रायल में जिला से डा. सुमित यादव व अशोक कुमार ने हरियाणा की टीम में स्थान प्राप्त किया। सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड की ओर से अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता आयोजन आगामी 23 से 28 सितंबर तक महाराणा प्रताप खेल परिसर उदयपुर राजस्थान में किया जाएगा।



डा. सुमित यादव कृषि एवं किसान कल्याण विभाग नारनौल में कृषि विकास अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं तथा अशोक कुमार शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टेहला में टीजीटी सामाजिक विज्ञान के शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि सुबह शाम समय निकालकर ये नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में प्रैक्टिस करते हैं। उप कृषि निदेशक महेंद्रगढ़ डा. देवेंद्र कुमार, उप मंडल कृषि अधिकारी नारनौल डा. मनमीत यादव, डा. हरपाल सिंह, डा. अजय यादव, डा. सतवीर चौहान सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने डा. सुमित को बधाई दी तथा नेशनल प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

## बाबा गूगाणा की बणी ग्राम भौड़ी में 24 को मेला

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । बाबा** गूगा का मेला बाबा गूगाणा की बणी ग्राम भौड़ी में 24 सितंबर को भरेगा। जिसमें अनेक खेल कूद प्रतियोगिताएं व बाबा का भंडारा भी होगा। मेला कमेटी सदस्य ने बताया कि मेले में हरसुख ढ़ाणी निवासी अजीत सिंह पुत्र ताराचंद की ओर से नेशनल कबड्डी में प्रथम टीम को 1 लाख 11 हजार, द्वितीय को 71 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। मेले में 100 रुपए से लेकर 21 हजार रुपए तक की कुश्तियां भी करवाई जाएगी। मेले में देशी घी का भंडारा ढ़ाणी हरसुख निवासी अजय यादव पुत्र यादराम की ओर से होगा। मेला कमेटी ने बताया कि मेले में लड़कियों, लडकों, वृद्धों की दौड़, लांग जंप भी होंगे।

## 'अपना काम बनता, भाड़ में जाए जनता" कहावत को सही साबित कर रहे सोनीपत के विधायक, मेयर एवं सांसद'

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**आम आदमी** पार्टी सोनीपत के लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने सोनीपत में सड़को की दयनीय हालात पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुवे सत्ता पक्ष, विपक्ष, जिला प्रशासन व निगम प्रशासन पर जमकर हमला बोला है। गौतम ने कहा की सोनीपत की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। आज तक के सबसे बुरे दौर से सोनीपत जिला गुजर रहा है। छोटे दुकानदार, व्यापारी, रेहड़ी फड़ी वाले, स्कुल जाने वाले बच्चे, नौकरी पर निकलने वाले लोग, पैदल यात्री, दुपहिया वाहन चालक, थ्रीव्हीलर चालक, किसान, मजदूर, गरीब आदमी आदि सभी वर्ग सोनीपत की सड़को से परेशान है। जटवाड़ा रोड़, मामा भांजा से बहालगढ़ रोड़, विवेकानंद चौक से सेक्टर 27 थाना रोड़, बस स्टैंड से रोहतक रोड़, रेलवे रोड़, गोहाना रोड़, मुरथल रोड़, बस स्टैंड से सब्जी मंडी रोड़, ट्रक यूनियन से आईटीआई चौक नरेला रोड़ का टुकड़ा नगर निगम के सभी वार्ड में सीवर लाइन बिछवाने के नाम पर उखाड़े गए कॉलोनी के रोड़ सबके हालात खराब है। सड़को के नाम पर जनता को खड्डे नसीब हो रहे है। जनप्रतिनिधि और सम्बंधित विभाग लगातार अपनी जिम्मेवारी से भाग रहे है। 10 मिनट का सफर तय करने में 40 से 50 मिनट लग रहे है। पेट्रोल-डीजल की मार भी लोगों को झेलनी पड़ रही है। आज की सड़को पर लोग पैदल भी नहीं चल पा रहे है।



## नई अनाज मंडी में रविदास प्रबंधक कमेटी का दूसरा संत सम्मेलन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला सिटी अनाज मंडी में गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी द्वारा आज दूसरा विशाल संत सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें श्री 108 संत निरंजन दास महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। जो सम्मेलन में प्रवचन करेंगे। सम्मेलन में भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद, अंबाला सिटी विधायक असीम गोयल और नगर निगम मेयर शक्ति रानी शर्मा भी विशेष रूप से पहुंचे हैं।



कार्यक्रम में प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग आए हुए हैं। चंद्रशेखर का अंबाला शहर के अग्रसेन चौंक पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उनके समर्थक यहां पर पहले से ही फूल मालाएं लेकर मौजूद थे। इसके बाद वह अपने काफिले के साथ शहर अनाज पहुंचे। उन्होंने कहा कि अंबाला की पावन धरती पर संत गुरू रविदास प्रबंधन कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापुरूषों की बाणी से कुछ न कुछ सिखने के लिए मैं जाता हूं। उन्होंने कहा कि इसी से हम समाज एकजुट करके आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि सभी बाणियों में आपको सुनने को मिलेगा कि महाराज रविदास जी बेगमपूरा राज चाहते थे लेकिन यह राज कैसे आएगा। महाराज कहते है कि ऐसा राज चाहिए जिसमें ऊंच नीच की कोई जगह न हो।

## पुस्तक परिक्रमा यात्रा कॉलेज प्रांगण में पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**एसडी** पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास एनबीटी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की हरियाणा पुस्तक परिक्रमा यात्रा कॉलेज प्रांगण में पहुंची। जिसका स्वागत उप.प्रधान मनोज सिंगला, जनरल सेक्रेटरी तुलसी सिंगला, कोषाध्यक्ष विकुल बिंदल, प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा और अन्य प्राध्यापकों ने किया। प्रदर्शनी प्रभारी सुरेश कुमार, बिलिंग क्लर्क सिद्धार्थ, सहायक गजराज और ड्राईवर धर्मपाल की अगुआई में पुस्तक परिक्रमा यात्रा बस आज कॉलेज पहुंची। हरियाणा पुस्तक परिक्रमा यात्रा का उद्देश्य किताबें एवं उसे लिखने वालों लेखकों के महत्व को आमजन तक पहुंचाना और उन्हें समझाना है। कोषाध्यक्ष विकुल बिंदल ने कहा कि किताबों के माध्यम से हम दुनिया के महान लोगों को जानकार उन्हें आत्मसात कर सकते हैं। पुस्तक प्रेमी व्यक्ति ईश्वर के निकट पहुंचा व्यक्तित्व होता है। उप प्रधान मनोज सिंगला ने कहा कि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नेशनल बुक ट्रस्ट का काम प्रकाशन करना, पुस्तक पठन को प्रौत्साहित करना, विदेशों में भारतीय पुस्तकों को बढ़ावा देना, लेखकों और प्रकाशकों की मददा करना और बाल साहित्य को बढ़ावा देना है। डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि पुस्तकों को अपनाकर हम सभी एक जनजागरण अभियान के भागीदार बन जाते है। जिसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुस्तकों के बिना जीवन ऐसा होता है जैसे आत्मा के बिना शरीर। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों में डॉ.नवीन गोयल, प्रो.राकेश सिंगला, प्रो.पवन गोयल, डॉ. एसके वर्मा, डॉ.राहुल जैन, डॉ.रवि कुमार व दीपक मित्तल आदि उपस्थित रहे।



### आने वाले 2 दिन मौसम खराब रहेगा। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है

## हल्की बरसात से गर्मी में राहत, किसानों को धान की चिंता सताई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) लगातार** दूसरे दिन हुई बरसात के चलते फिर तापमान में गिरावट आई है। जिससे लोगो को जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली है तो वहीं दूसरी ओर शहर अनाज मंडी में धान की फसल लेकर पहुंचे किसानों की धड़कने बढ़ गई थी। गौरतलब है कि फिलहाल धान की खरीदारी शुरू नहीं हुई है। लेकिन फिर भी किसान धान लेकर मंडियों में पहुंच रहे है। वहीं बरसात के कारण धान की फसल खराब होने का भी खतरा बना हुआ है। आने वाले 2 दिन मौसम खराब रहेगा। जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। 16 जिलों में मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार बने हुए हैं। इस बूंदाबांदी से दिन के अधिकतम तापमान में कमी तो जरूर आएगी, लेकिन धान के काश्तकारों के लिए मुश्किलें बढ़ेंगी। बारिश से उनकी सूखी फसल के भीगने का खतरा बन गया है। राज्य की मंडियों में 1509 किस्म के धान की आवक के बाद अब पीआर धान भी आना शुरू हो गया है। हरियाणा के उत्तर, दक्षिण और दक्षिण पूर्व के जिलों में अलर्ट किया गया है। इनमें पंचकूला, कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, अंबाला, यमुनानगर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सोनीपत और पानीपत जिले शामिल हैं।

**किसान चिंतित**

**फिलहाल धान की खरीदारी शुरू नहीं हुई है। लेकिन फिर भी किसान धान लेकर मंडियों में पहुंच रहे है**



राज्य में मौसम 19 सितंबर तक परिवर्तनशील बने रहने के आसार हैं। 16 से 18 सितंबर के दौरान बीच-बीच में उत्तरी व दक्षिणी हरियाणा के जिलों में गरज-चमक व हवाओं के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। राज्य के पश्चिमी जिलों मे कहीं-कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना बन रही है।

# शकूरपुरः निगम पार्षद किशन बेमाड़ ने चलाया स्वच्छता अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड नंबर-62 में मेरा वार्ड मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत स्थानीय निगम पार्षद किशन बेमाड़ ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्र स्थित चौक-चौराहें से लेकर गली-मोहल्लें में लगे कूड़े के ढ़ेरों को उठवाया गया। तो वहीं, शकूरपुर के एच ब्लॉक स्थित निगम के पार्को की सफाई के लिए जेसीबी मशीन से कूड़ा उठवाया गया। मौके पर मौजूद पार्षद किशन बेमाड ने बताया कि मेरा वार्ड मेरी जिम्मेदारी के तहत इलाके में सफाई अभियान चलाया गया था। वहीं बेमाड ने बताया कि इस अभियान से न कि क्षेत्रवासियों को साफ और स्वच्छ वातावरण मिलेगा बल्कि गंदगी से होने वाली बीमारियों से भी निजात मिलेगी।

**क्षेत्रवासियों से की अपीलः** इसके साथ ही पार्षद किशन ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा हैं कि साफ-सफाई की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं हैं, हम लोगों को भी अपने क्षेत्र में साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए। जैसे हम अपने घरों में सफाई रखते हैं ठीक वैसे ही। इस दौरान स्थानीय पार्षद के साथ साथ पार्टी के अन्य लोग भी मौके पर मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा है तरक्कीः संतोष भारती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आज दुनिया**भर के कई महत्वपूर्ण संस्थान भारत की सफलता को देख रहे हैं और इससे सीखने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि विकास के मामले में अब भारत पहले जैसा नहीं रहा हैं, भारत के हर राज्य को समान महत्व दिया जा रहा है। वहीं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के शकूरपुर क्षेत्र में रहने वाले समाजसेवी व भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भारती ने कहा हैं कि भारत आज दुनिया भर में अपना नाम कमा रही हैं, चाहें एजूकेशन की बात



हो या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर की बात हो, धरती की हो या फिर अंतरिक्ष में मंगलयान भेजने की, भारत किसी भी क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं।

**हर इलाके को बराबर मिली प्राथमिकताः** भारती ने आगे बताया कि आप सबने देखा कि जी-20 सम्मेलन के दौरान बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली आए थे। ये सभी भारत के विकास और गरीब कल्याण के प्रयास से प्रभावित होकर गए हैं। आज दुनिया की बड़ी-बड़ी संस्थाएं भारत की सफलता से सीखने की बात कर रही हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि आज विकास में देश के हर राज्य को हर इलाके को बराबर प्राथमिकता मिल रही है।

## दयानंद वत्स राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान से हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आल इंडिया** अचीवर्स कांफ्रेंस के तत्वावधान में कौटिल्य मार्ग, नई दिल्ली स्थित सम्राट होटल के सभागार में कांफ्रेंस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सेकेट्री जनरल वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक बच्चन की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मालवीय नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक एवं सुप्रीम कोर्ट के वकील तथा दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में 47वर्षों से सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक प्रधान संपादक डॉ.दयानंद वत्स को उनकी पत्रकारिता के क्षेत्र में की



गई सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान देने के लिए राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान-2023 से सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप शाल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ.दयानंद वत्स अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री भी हैं। डॉ .दयानंद वत्स दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से हिंदी में एम.ए और आई.आई.एम.सी भारतीय जन-संचार संस्थान के शुरूआती दिनों में 1981 बैच के हिंदी पत्रकारिता के छात्र रहे हैं। डॉ. दयानंद वत्स भारतीय जन-संचार संस्थान के भारतीय भाषा पत्रकारिता विभाग के तत्कालीन पाठ्यक्रम निदेशक प्रो.(डॉ.) रामजीलाल जांगिड़ के शिष्य हैं जिन्होंने विश्व के 160 देशों के पत्रकार तैयार किए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सोमनाथ भारती ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा खंबा है। मुझे खुशी है कि भारतीय पत्रकार निर्भीकता से अपने दायित्व को निभा रहे हैं।

इस अवसर पर मोंटेनीग्रो की भारत में आनरेरी काउंसल जनरल जेनिस दरबारी, के एल गंजू , राजू बख्तियानी, ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश शर्मा लाल धागे वाले भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सोमनाथ भारती ने इस मौके पर कई अन्य गणमान्य विशिष्ठ विभूतियों को भी सम्मानित किया। आयोजक अभिषेक बच्चन ने बताया कि आज उनका यह 101वां सम्मान समारोह है।

## पूर्वांचल योद्धा सम्मान से सम्मानित हुई पार्षद सुमन शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के कान्स्टीट्यूशनल क्लब में पूर्वांचल योद्धा-संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी और प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा भाजपा के प्रभारी विजय भगत के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा को पूर्वांचल योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जनता से किये वादे पूरे करें आम आदमी पार्टीः डॉ. पिव्हाल

### पीएम मोदी के कार्यों को सराहा रही है देश की जनताः विपिन पिव्हाल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादपुर** वार्ड के भाजपा नेता डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने बताया कि हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, जनता का हमें अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। क्योंकि जनता विकास चाहती है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू करके जनता को विकास की ओर अग्रसर करने का कार्य किया है। यहीं कारण है कि आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

डॉक्टर विपिन पिव्हाल ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली में विकास करके दिखायेगें। लेकिन दिल्ली में विकास केवल कागजों में ही नजर आ रहा



है, धरातल पर विकास नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आज आम आदमी पार्टी के राज में कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से दिल्ली की जनता को मजबूर होकर बाजार से महंगें दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को शुद्ध पानी और मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि जब दिल्ली की जनता पानी खरीद कर ही पी रही है तो पानी मुफ्त कैसे हुआ।

भाजपा नेता विपिन पिव्हाल ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करती है। यही कारण है कि देश तरक्की की ओर अग्रसर हो रहा है। और देश ही नहीं विदेशों में भी पीएम मोदी के कार्यों की सराहना हो रही है।

## भाजपा ने किया देश में विकास, जनता है कार्यों से खुशः श्वेता बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा नेत्री** श्वेता बत्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप देश में विकास की लहर देख रहे है, वह भाजपा के कार्यकाल में ही संभव हो सकी है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज शहरों में ही नहीं



ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की लहर दौड़ी है और गांव के लोग भी विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। श्वेता बत्रा ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हो रहे है, जिससे लोग परेशान हो रहे है और अपने आप को ठगा हुआ सा महसूस कर रहे है।

## चलते ई-रिक्शा में धमाके के बाद लगी आग, एक की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर**-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में चलते ई-रिक्शा में धमाके के बाद आग लग गई। हादसे में ई-रिक्शा में बैठे तीन यात्री बुरी तरह झुलस गये। गंभीर हालत में महिला ओमी देवी (42), उसके पति पुष्पराज (46) और एक अन्य यात्री गौरव (28) को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान ओमी देवी ने दम तोड़ दिया। नाजुक होने पर पुष्पराज को एम्स ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। अस्पताल में गौरव और पुष्पराज का इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक हादसा ई-रिक्शा की बैटरी फटने की वजह से हुआ। हादसे के बाद पहले चालक मौके से फरार हुआ और बाद में वह घटना स्थल से अपना ई-रिक्शा भी लेकर रफू चक्कर हो गया। नंद नगरी थाना पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। बाद में ई-रिक्शा चालक रतन लाल (52) को मंडोली, हर्ष विहार से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर जला हुआ ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया गया। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस के मुताबिक ओमी देवी और पुष्पराज अपने परिवार के साथ गली नंबर-13, प्रताप नगर, मंडोली, हर्ष विहार में रहते थे। इनके परिवार में 14 साल का बेटा देव और 20 साल की बेटी तन्नू है।

## रानीबाग के महेन्द्रा पार्क में शुरू होगा 19 सितम्बर से गणपति उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मैत्र्यी** एजुकेशन एवं वेलफैयर सोसाइटी (पंजी) व मैत्र्यी गणपति महोत्सव परिवार (पंजी) की ओर से रानी बाग स्थित रामलीला मैदान महेंद्रा पार्क में 31वां गणपति महोत्सव का आयोजन बडी ही धूमधाम से होने जा रहा हैं। यह कार्यक्रम 19 से 28 सितंबर तक किया जाना हैं, तत्पश्चात ढ़ोल नगाड़ो की थाप पर देवभूमि हरिद्वारा में विर्सजित किया जाएगा। सोसाइटी के महासचिव दीपक मेहरा ने बताया कि इस बार गणपति जी महाराज के साथ-साथ उनके पुत्र शुभ-लाभ को भी गाजे-बाजे के साथ



विराजमान किया जाएगा।

**कई प्रतियोगिताओं का होगा आयोजनः** इस दौरान जूनियर नृत्य प्रतियोगिता, सीनियर नृत्य प्रतियोगिता, राधा अष्टमी संकल्प पूजन व धागा वितरण के साथ- साथ भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त संगीतमय सुंदर कांड का पाठ परम श्रद्धेय अजय याज्ञनिक श्री सुंदरकांड परिषद द्वारा की जाने वाली हैं, इसके अलावा शोभा यात्रा, डांडिया के साथ ही एक दिवसीय संपूर्ण रामायण का पाठ होगा। तत्पश्चात 28 सितंबर को ढ़ोल नगाड़ों के साथ हरिद्वार में गणपति विर्सजन किया जाएगा। **मशहूर भजन गायक बांधेंगे समांः** संगीतमय सुंदरकांड पाठ के लिए परम श्रद्धेय अजय याज्ञनिक को बुलाया गया हैं तो वहीं भजन गायन के लिए अरूण शर्मा अश्विनी शर्मा, जितेंद्र विपिन गुप्ता बापा के भजनों का गुणगान करने आ रहें हैं।

# जहांगीरपुरी वार्डः राजीव नगर में चलाया गया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के आह्वान पर बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के नेतृत्व में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा वार्ड-18 जहांगीरपुरी में लगातार सफाई अभियान जारी है। इसी कड़ी में शनिवार को राजीव नगर में सफाई अभियान चलाया गया। पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है। मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं और जनता की समस्याओं को सुन, उनकी समस्या का उचित समाधान करती हूं ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर सुविधाएं मिल सके। उन्होंने क्षेत्र की





जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। क्षेत्र में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, मलेरिया विभाग के कर्मचारी घर-घर जा रहे है और लोगों से अपील कर रहे है कि अपने घर की छतों पर गमले, खाली बर्तनों व टायरों में पानी न एकत्रित होने दे, इसमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकते है।

# मोटे अनाज खाने से शरीर रहता है स्वस्थ : कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मोटे अनाज खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा की मौसम के अनुसार व्यक्ति को खाना लेना चाहिए ताकि बीमारियों से बचा सके। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा आज शनिवार को राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर- 16 में आयोजित हिंदी पखवाड़े और मिलिट्स एग्जिबिशन का शुभारंभ कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मोटे



अनाज के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए छात्राओं द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत पौधारोपण और दीप प्रज्जवल के साथ की गई। परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने कॉलेज की छात्राओं द्वारा मिलेट्स एग्जीबिशन में बनाए गए मोटे अनाज के व्यंजनों की तारीफ करते हुए कहा कि मोटे अनाज खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा की मौसम के अनुसार व्यक्ति को खाना लेना चाहिए ताकि बीमारियों से बचा सके। हरियाणा में यह पहली बार मोटे अनाज की प्रदर्शनी को लगाने और जागरूकता रैली निकालने पर महिला कॉलेज के समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए उन्होंने कहा की आज हरियाणा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार ने साकार करने का काम किया है।

- बेटियां हर क्षेत्र में आगेः-

उन्होंने कहा की बेटियां आज सभी क्षेत्रों में बढ़ चढ़ कर आगे निकल रही है। इसमें पढ़ाई हो या नौकरी हो बेटियों ने प्रदेश और देश के नाम रोशन किया है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बेटियां एक परिवार को नहीं बल्कि दो दो परिवारों का उजियारा करती। इसलिए बेटियों को हमेशा अपने माता-पिता और गुरुओं के द्वारा अच्छे संस्कार लेकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में शिक्षा के साथ साथ कौशल शिक्षा शुरू करा कर युवाओं को रोजगार के प्रति सक्षम बनाने का काम किया है।

# पीएम-किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी करवाएं : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 15वीं किस्त किसानों के खाते में माह अक्टूबर में आएगी। जिले में अभी तक 25228 प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लेने के लिए लाभार्थी को अपने ई-केवाईसी अपडेट करना जरूरी है। जिन भी किसान भाईयों की ई-केवाईसी अपडेट नहीं है उनकी 15वीं किस्त का लाभ रुक जाएगा।



जिले में अभी भी 5429 किसानों की ई-केवाईसी अभी तक लंबित है। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि 20 सितंबर से पहले ई-केवाईसी का कार्य गांव में सरपंचो की मदद से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उपनिदेशक अनिल सहरावत ने बताया कि हमारे जिले में ई-केवाईसी के साथ-साथ लगभग 1473 किसानों के जमीन का सत्यापन अभी लंबित है। जिसकी वजह से इन किसानों को 14वीं किस्त का भुगतान नहीं हो पाया है। जिन किसानों की जमीन का सत्यापन योजना के अंतर्गत नहीं हो पाया है। उनसे अनुरोध है कि उपमंडल कृषि अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर अपनी जमीन का सत्यापन 15वीं किस्त डालने से पूर्व करा ले।

# स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत दयालपुर में किया गया स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम: डीसी

**कचरा मुक्त भारत**

**2 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता अभियान का निरन्तर होगा आयोजन**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर सीईओ जिला परिषद आशिमा सांगवान के कुशल मार्गदर्शन में जिला फरीदाबाद में आज शनिवार को स्वच्छता ही सेवा-2023 के तहत बल्लभगढ़ ब्लॉक के दयाल पुर और शाहपुर कलाँ में आयोजित किया गया। जहां फरीदाबाद जिला में स्वच्छता ही सेवा-2023 के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत मे पुराने कूडे के ढेरो की सफाई की गई। ग्राम पंचायत दयालपुर और शाहपुर कलाँ की ग्राम पंचायतों ने अपने परिक्षेत्र मे साफ सफाई की। सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई करते हुए दयालपुर की सरपंच श्रीमती प्रीति ने कहा कि सफाई को हमने अपनी प्राथमिकता पर रखा हुआ है। हम अपने गांव को ग्राम वासियों के साथ मिलकर पूर्णतया साफ रखने के लिए कटिबद्ध है।

- स्वच्छता ही सेवा-2023 में यह किया जा रहा हैः-

ग्रामीणों द्वारा अनूठी पहल की भी शुरूआत की गयी है। ग्राम पंचायत में सफाई का संदेश देने के लिए घरों के सामने जगह-जगह जागरूकता बोर्ड, एवं एक पेड़ सहित गमला तथा प्लास्टिक डालने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए डस्टबिन स्थापित कराई जा रही है।वहीं ग्राम पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन यूनिट की स्थापना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत की गयी है। इस यूनिट में घरों से निकलने वाले अगलनशील कूडे को अलग-अलग कर रखा जाता है। यूनिट के अन्दर गलनशील कूडे से कम्पोस्ट खाद बनाने का प्रावधान भी किया गया है।

- यह किया गया है स्वच्छता अभियान के तहतः-

इसी प्रकार से जिला फरीदाबाद की 85 ग्राम पंचायतों में ठोस कचरा प्रबंधन शैडो का निर्माण कराया जा चुका है। ग्राम पंचायत मंधावली में मॉडल पौण्ड का कार्य भी चल रहा है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू किया जा रहा है। जो आगामी 02 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वच्छता के लिए जन आंदोलन का उत्सव मनाने के लिए 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाना है, जो पूजनीय महात्मा गांधी को उनकी जयंती के दिन श्रद्धांजलि होगी। स्वच्छ भारत दिवस-2023 की प्रस्तावना के रूप में स्वच्छता ही सेवा वार्षिक पखवाड़ा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण व शहरी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा-2023 का थीम "कचरा मुक्त भारत है" जिसमें साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाना है और सफाई मित्रों को सम्मानित किया जाना है।

-ः स्वच्छता अभियान का उद्देश्यः-

इस स्वच्छता अभियान का उद्देश्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, समुद्र तट, पर्यटन स्थल, चिड़ियाघर, राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य, ऐतिहासिक स्मारक, विरासत स्थल. नदी के किनारे घाट, नालियां और नालों आदि जैसे अधिक भीड़ वाले सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई पर होगा।

# छात्र-छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध व साइबर फ्रॉड के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया व उनकी टीम ने गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सारन में आज छात्र छात्राओं को जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर बच्चे व स्टाफ मेंबर मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला थाना एनआईटी व दुर्गा शक्ति की टीम आज छात्रों को जागरूक करने के लिए गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सारन में पहुंची जहां पर स्कूल के स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए पुलिस टीम ने बताया कि भारतीय समाज के पुरुष प्रधान होने की वजह से महिलाओं को बहुत अत्याचारों का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर महिलाओं को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उनमें दहेज हत्या, यौन उत्पीड़न महिलाओं से लूटपाट, लड़कियों से



राह चलते छेड़छाड़ इत्यादि शामिल है। भारतीय दंड संहिता के अनुसार बलात्कार , अथवा बहला-फुसलाकर भगा ले , शारीरिक व मानसिक शोषण दहेज के लिए मार , पत्नी से , यौन उत्पीड़न आदि को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने बताया कि महिला विरुद्ध अपराध का अर्थ है कि किसी महिला को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करना। मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर महिला को शारीरिक चोट तो नहीं पहुंचती परंतु इससे उनके दिलों दिमाग पर गहरा आघात जरूर पहुंचता है।

बलात्कार, हत्या, अपहरण आदि को अपराधिक हिंसा की श्रेणी में गिना जाता है या दफ्तर या घर में दहेज के लिए मारना, यौन शोषण, पत्नी से मारपीट, बदसलूकी जैसी घटनाएं घरेलू हिंसा का उदाहरण है। लड़कियों से छेड़छाड़, पत्नी को भ्रूण हत्या के लिए मजबूर करना आदि सामाजिक हिंसा के अंतर्गत आती है। यह सभी घटनाएं महिलाओं और समाज के बड़े हिस्से को प्रभावित करती हैं। आप सभी छात्रों को इस प्रकार के महिला विरुद्ध अपराधों के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होना होगा। उन्होंने कहा कि छात्र इसे अपनी जिम्मेवारी समझे और अपने अधिकारों के लिए जागरूक होकर अपनी आवाज बुलंद करें। इसके लिए पुलिस हमेशा आपके साथ है। इसके अलावा पुलिस टीम ने छात्रों को साइबर अपराध से बचने के लिए अपना बैंक खाता, क्रेडिट या डेबिट कार्ड की कोई जानकारी किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। साइबर अपराधों से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया गया है जिस पर संपर्क करके साइबर अपराध की शिकायत की जा सकती है। इसके साथ ही आईएसओ व आरटीओ अधिकारियों ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि सड़क पर यात्रा करते समय उन्हें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और अपने और अपने साथियों को सुरक्षित ले जाने के लिए क्या-क्या उपाय किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना के दौरान उन्हें लोगों की मदद करनी चाहिए और घायलों को अस्पताल पहुंच कर उनके जीवन की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। उप निरीक्षक निधि द्वारा छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध घरेलू हिंसा जैसे विषयों के बारे में जानकारी प्रदान करके महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया गया।

# मिक्सी ग्राइंडर से लोडेड महिंद्रा पिकअप गाड़ी को चोरी करने वाले 3 आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 की टीम ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम श्री हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में कुलदीप, विपिन और विनोद का नाम शामिल है। आरोपी कुलदीप और विनोद उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद जिले के रहने वाले हैं तथा आरोपी विपिन उत्तर प्रदेश की शाहजहांपुर जिले का रहने



वाला है। तीनों आरोपी बल्लभगढ़ ट्रांसपोर्ट में ड्राइवर का काम करते हैं। तीनों आरोपियों पता चला कि बाटा पर स्थित विजय भारत ट्रांसपोर्ट से मिक्सी ग्राइंडर लोड हुई महिंद्रा पिकअप 19 अगस्त को आरोपियों द्वारा चोरी की गईचोरी किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार महिंद्रा पिकअप में 85 मिक्सी ग्राइंडर पैक होकर फरीदाबाद की एनआईटी एरिया में जाने थे। जिनकी अनुमानित कीमत 7.5 लाख रुपए थी। तीनों आरोपियों को क्राइम ब्रांच टीम अरक देवेंद्र,मुख्य सिपाही संदीप, विक्रम, सिपाही सिकंदर, सन्नी और संजय ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से कायमगंज उत्तर प्रदेश से 15 सितंबर को यूपी पुलिस के सहयोग से पिकअप गाड़ी सहित गिरफ्तार किया है।

# बाढ़ पीड़ितों को लायंस क्लबों द्वारा राशन बांटना पुनीत कार्य - राजेश नागर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-अ1 के बैनर तले फरीदाबाद की कई लायंस क्लबों ने भतोला स्थित सेक्टर -82 डिवाइन आश्रम में प्रोजेक्ट मानवीय सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर तिगांव विधानसभा के विधायक राजेश नागर मुख्यातिथि रहे। यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का बुके द्वारा और स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर लायन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रदीप सिंघल ने लायंस क्लबों द्वारा किए जा रहे समाजहित से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के बारे में विधायक राजेश नागर को जानकारी दी। गवर्नर प्रदीप सिंघल ने कहा कि आज कार्यक्रम विशेष रूप से बाढ़ से पीड़ित लोगों को कच्चा राशन वितरण करना था। पिछले दिनों यमुना से सटे एरिया में बाढ़ आने से लोगों को घर छोड़ना पड़ा था। लोग अभी तक उस पीड़ा से उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में आज दिल्ली एनसीआर में एक साथ अनेक स्थानों पर कच्चा राशन बांटा जा रहा है। जिसके तहत फरीदाबाद में आज करीब 200 लोगों को राशन बांटा गया है।

इस मौके पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि फरीदाबाद की विभिन्न लायंस क्लबों के पदाधिकारी और सदस्य आज यहां मौजूद हैं। यह सभी पीछे जो त्रासदी आई थी उस समय भी चैरिटी करने आये थे। सरकार की ओर से काफी मदद की जा रही है। वह खुद भी लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। वहीं फरीदाबाद के कई सामाजिक संस्थाएं भी लगातार मदद के लिए आगे आ रही हैं। लेकिन सभी का मकसद जरूरतमंद की अधिक से अधिक मदद करना ही है। आज इस पुनीत कार्य ने इन जरूरतमंद लोगों की और मेरे विधानसभा की जो मदद की है उसके लिए सभी का तहे दिल से धन्यवाद करता हूं।

इस कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल, फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एन के गुप्ता, सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन ओमकार सिंह रेनू, चीफ कोऑर्डिनेटर लायन सी एल जैन, सी एस टी कॉर्डिनेटर लायन संदीप कुमार, लायन तेजपाल सिंह खिल्लन कमिटी चेयरपर्सन, लायन राजेश गुप्ता डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेटरी, लायन अतुल अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट ट्रेजरार, लायन रवि मनचंदा डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट पीआरओ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कैंटर चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम श्री हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आपराधिक मामले में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 प्रभारी की टीम ने चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम आजाद (36) है। आरोपी पलवल जिले के उटावड़ के गांव चिल्ली का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को समयपुर चुंगी से थाना सेक्टर 58 के आईसर कैंटर चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान आईसर कैंटर को सिकरोना गांव के एरिया से बरामद किया है। आरोपी पिछले 20 साल से ड्राइवरी का काम करता है। आरोपी पिछले चार-पांच दिन पहले ही सेक्टर 58 फरीदाबाद के ट्रांसपोर्ट नगर में ड्राइवर के लिए आया था। जहां से आरोपी ने 5 सितंबर को आईसर कैंटर की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी पर फरीदाबाद में थाना सेक्टर 58, सेंट्रल, कोतवाली, सिटी, सेक्टर 7, मुजेसर में 9 चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपी चोरी के मामलों में जमानत पर था। आरोपी के द्वारा कोर्ट में पेश ना होने के कारण पीओ के आदेश पारित किए गए हैं। आरोपी को मामलों में पूछताछ के लिए 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार की एलुमनी मीट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद के होटल डिलाईट में दिल्ली एनसीआर निवासी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के सभी पूर्व छात्रों का संगम हुआ। इस एलुमनी मीट में विश्वविद्यालय के लगभग 156 पूर्व छात्र शामिल हुए। यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा जब 25 से 35 वर्ष बाद एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से मिलन हो रहा था क्योंकि सभी अलग-अलग व अपने अपने क्षेत्रों में कार्य कर रहे थे। मंच संचालन पूर्व जेल सुपरिटेंडेंट जय किशन छिल्लर ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्र सिंह शोकीन पूर्व ट्रांसपोर्ट मंत्री दिल्ली प्रदेश, आर.के. वर्मा पूर्व




एंबेसडर कांगो, डॉ एस.के दलाल, डॉ एम.पी. सिंह, योगेंद्र पाल वर्मा, के.डी सेहगल कपूर, प्रदीप गोदारा पूर्व आईएएस, यशपाल वर्मा, डॉ जे.एल चौधरी एवं डॉ आर.के यादव मौजूद रहे। इस समारोह का आयोजन करने में अरुण कौशिक सेवानिवृत डायरेक्टर लोकसभा एंड जवाहर लाल चौधरी प्रोफेसर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रामपुर खुशदिल राहमल (स्वयं का व्यापार करने व फरीदाबाद निवासी ) द्वारा किया गया। जिन्होंने सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से खोज कर एक प्लेटफार्म पर लाने का कार्य किया। यहां यह बताना भी उचित होगा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र न केवल बतौर कृषि विश्वविद्यालय में पढ़ाने का कार्य कर रहे हैं बल्कि रिसर्च एंड कृषि के प्रसार-प्रचार में भी योगदान दे रहे हैं। इस समारोह में कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों जैसे कृषि महाविद्यालय हिसार, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, खेल महाविद्यालय के सभी लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर आए हुए सभी पूर्व छात्रों ने अपना परिचय दिया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने कहा कि यह एक सराहनीय कदम है।

# मानव रचना परिवार ने संस्थापक डॉ. ओपी भल्ला की 10वीं पुण्यतिथि पर कृष्णपाल गुर्जर की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** मानव रचना के दूरदर्शी संस्थापक डॉ. ओ.पी. भल्ला की 10वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रेरणा स्थल पर सभी ने डॉ. ओपी भल्ला को पुष्पांजलि दी। इसके बाद मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने भावपूर्ण भजन पेश किए। मौके पर परिसर में हवन का आयोजन हुआ जिसमें सभी ने प्रार्थना कर सामूहिक आहूति दी। इस दौरान डॉ. ओपी भल्ला की स्मृति में कई सामाजिक कल्याण गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिजली एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर पहुंचे। इस दौरान मुख्य संरक्षक एमआरईआई श्रीमती सत्या भल्ला, अध्यक्ष



एमआरईआई डॉ. प्रशांत भल्ला, उपाध्यक्ष एमआरईआई डॉ. अमित भल्ला, डीजी एमआरईआई डॉ. एन सी वाधवा, उपकुलपति एमआरईआई डॉ. संजय श्रीवास्तव, उपकुलपति एमआरयू प्रो. (डॉ.) आई के भट, एमआरआईआईआरएस महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. आरके आनंद, निदेशक मानव संसाधन ब्रिगेडियर विजय आनंद, प्रति उपकुलपति एमआरआईआईआरएस डॉ. प्रदीप कुमार, रजिस्ट्रार एमआरआईआईआरएस श्री आरके अरोड़ा, रजिस्ट्रार एमआरयू डॉ कामेश्वर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर परिसर में डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन की ओर से लायंस क्लब और रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद के साथ मिलकर दो दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान के पदाधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के दौरान जरूरतमंदों के लिए कुल 1356 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर हुआ जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर, नेत्र जांच की गई। 40 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए और मैमोग्राफी जांच की गई। जीनबंधु और जीवनदायिनी फाउंडेशन के सहयोग से इच्छुक स्टेम सेल दाताओं के लिए जागरूकता और पंजीकरण शिविर भी लगाया गया, जिसमें कुल 243 छात्रों और संकाय सदस्यों ने बोन मैरो दाता के रूप में पंजीकरण कराया । इस मौके पर शहर की विभिन्न एनजीओ के साथ मिलकर प्रदर्शनी भी लगाई गई, साथ ही संस्थान के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक पेश कर समाज कल्याण के लिए लोगों से आगे आने की अपील की। श्रीमती सत्य भल्ला के साथ श्री कृष्णपाल गुर्जर ने 'एक मुट्ठी दान' मुहिम में भाग लिया, जिसमें मानव रचना परिवार के सहयोग से सामुदायिक कल्याण की प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए गैर-सरकारी संगठनों और मानव रचना के सहायक कर्मचारियों को 23,500 किलोग्राम सूखा अनाज वितरित किया। डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने मौके पर अंग और शरीर दान पर जागरूकता की मुहिम भी शुरू की। मुख्य अतिथि रहे सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि, "जिस तरह मानव रचना संस्थान सामाजिक उत्थान के लिए कार्यरत है इसे देखकर बेहद संतुष्टि मिलती है। एक देश या संस्थान तभी आगे बढ़ सकता है जब उसका लक्ष्य स्पष्ट हो, मानव रचना युवाओं को बेहतरीन शिक्षा देने का साथ ही उनमें नैतिक मूल्यों को स्थापित करने और मानवता की सेवा से जोड़ने के लिए भी कार्यरत है। उन्होंने कहा कि डॉ. ओपी भल्ला जी ने सभी के लिए सुलभ शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ हमेशा सामाजिक कल्याण के लिए भी काम किया, यही कारण है कि मानव रचना परिवार आज उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चलते हुए शैक्षिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में खड़ा है।" मुख्य संरक्षक एमआरईआई श्रीमती सत्या भल्ला ने डॉ. ओपी भल्ला के समग्र विकास और सामुदायिक सेवा के दृष्टिकोण के बारे में बताते हुए इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए सामाजिक योगदान की दिशा में किए गए प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि संस्थान के संस्थापक ओपी भल्ला ने हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए काम किया था और उन्हीं के दिखाए मार्ग का अनुसरण हम कर रहे हैं। महानिदेशक, एमआरईआई, डॉ. एनसी वाधवा ने कहा कि, ह्लडॉ. ओपी भल्ला ने जो सपना देखा था वो हमेशा उसे पूरा करते हुए सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे। उन्होंने जिस दूरदर्शिता के साथ शिक्षा और समाज कल्याण की शुरूआत की उन्हीं गतिविधियों के साथ आगे बढ़कर हम आज ऊंचाई पर पहुंचे हैं।

संस्थान में गुणात्मक शिक्षा के साथ कल्याणकारी कार्यों से जोड़कर युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने की पहल की जा रही है अध्यक्ष एमआरईआई डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि, ह्लडॉ. ओपी भल्ला ने उच्च गुणवत्ता की दूरदर्शिता को पूरा करना है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श रसोई साल दूसरा - सप्ताह 24वां

# आदर्श रसोई ने धूमधाम से टीचर्स डे के साथ मनाया जन्माष्टमी उत्सव

## आदर्श रसोई के माध्यम से टीचर्स डे और जन्माष्टमी पर किया अन्नदान, अतिथियों ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 24वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### आदर्श रसोई का एक साल रहा बेमिसाल

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर धूमधाम से आदर्श रसोई का आयोजन किया जा रहा है। ये आदर्श रसोई का दूसरा वर्ष है। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के सबसे मशहूर और व्यस्ततम चौक "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था "**आदर्श रसोई**" ने साप्ताहिक रविवारीय कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह, हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया। आदर्श रसोई अपने पदाधिकारियों की सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना से आज सामाजिक कार्यों में नए आयाम स्थापित कर चुकी है।

### विधिवत रूप से प्रो. सुजाता वर्मा और रीटा मल्होत्रा रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने दूसरे वर्ष का 24वां रविवारीय कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। इस बार आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने धूमधाम से शिक्षक दिवस के साथ-साथ जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया। प्रो. सुजाता वर्मा और रीटा मल्होत्रा ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया।





### क्या बोली सुजाता वर्मा

इस विशेष मौके पर सुजाता वर्मा ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस तरह के कार्यक्रम का हिस्सा बना कर मन को शांति मिलती है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। वहीं रीटा मल्होत्रा ने कहा कि मैं समय-समय पर आदर्श रसोई की हिस्सा रह चुकी हूं, मैं आदर्श रसोई की कार्यशैली से बहुत प्रभावित हूं, हर रविवार साप्तिाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### क्या बोले मोहन गर्ग

आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग ने कहा कि "**राकेश भारद्वाज चौक**" पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है और दूसरे वर्ष के 24 हफ्ते को बेहतरी ढंग से आदर्श रसोई के साथियों ने आयोजित किया, जिसका मैं दिल की गहराईयों से तारीफ करता हूं। मोहन गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले एक वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों का बेहद ही उत्साहपूर्वक मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है और आगामी पीढ़ियों के लिए अपने संस्कृति को समझने का मौका मिलता है।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया था।





